


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 23 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-025 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


# आतंक पर अंतिम प्रहार की तैयारी

## दिल्ली लौटते ही एक्शन में पीएम मोदी, एयरपोर्ट पर ही जयशंकर-डोभाल के साथ रणनीति पर चर्चा



**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद आतंकवाद को समाप्त करने भारत सरकार रणनीति तैयार करने में लग गई है। देश में हुए बड़े आतंकी हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी अपनी सऊदी अरब यात्रा को बीच में ही छोड़कर वापस भारत आ गए हैं। वो सुबह आज सुबह दिल्ली पहुंचे। दिल्ली लौटते ही पीएम मोदी एक्शन में मोड में दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर ही विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजित डोभाल के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री आज शाम पहलगाम जाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी घटनास्थल भी जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

आतंकियों के खिलाफ आज बड़ा ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। NIA की टीमें दिल्ली और जम्मू से रवाना हो रही है। फॉरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंचेगी। आर्मी, सीआरपीएफ, एसओजी, जम्मू पुलिस ने पूरे इलाके को घेर रखा है। हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल कर आतंकियों की तलाश की जा रही है। पहलगाम में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन खत्म होने का बाद एनआईए की टीम लोकेशन पर पहुंचेगी। वहीं, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के शवों को पहलगाम हॉस्पिटल से श्रीनगर भेजा गया है। रक्षामंत्री राजनाथ ने आज सीडीएस सहित तीनों सेना अध्यक्षों की बैठककर रणनीति पर चर्चा की।

### अनुग्रह राशि का ऐलान


पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए उमर सरकार ने अनुग्रह राशि देने का एलान किया है। जम्मू और कश्मीर सरकार ने बुधवार को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। इसकी घोषणा करते हुए, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷कल पहलगाम में हुए घृणित आतंकवादी हमले से मैं बहुत स्तब्ध और व्यथित हूं। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की घोषणा की।

### 'जाओ, मोदी को बता देना'

पल्लवी ने हमले के खौफनाक मंजर को याद करते हुए बताया, 'हम तीन लोग- मैं, मेरे पति और हमारा बेटा कश्मीर गए थे। हम पहलगाम में थे। वह मेरी आंखों के सामने मौके पर ही मर गए। पल्लवी ने कहा कि यह अभी भी एक बुरे सपने जैसा लगता है। पल्लवी ने बताया कि हमले के तुरंत बाद स्थानीय नागरिक उनकी मदद के लिए आगे आए और तीन स्थानीय लोगों ने उनकी जान बचाई। हमले में बचकर निकली पल्लवी के मुताबिक आतंकी हिंदुओं को निशाना बना रहे थे और तीन-चार लोगों ने पर्यटकों पर हमला किया था। पल्लवी ने बताया, 'मैंने उनसे कहा- मुझे भी मार दो, तुमने मेरे पति को पहले ही मार दिया है. उनमें से एक ने कहा, 'मैं तुम्हें नहीं मारूंगा, जाओ मोदी को ये बता देना।







पहलगाम हमले में शामिल आतंकी की पहली तस्वीर आई सामने, हाथ में AK-47 थामे ताबड़तोड़ फायरिंग करता दिखा, कैमरा लगा हेलमेट पहने हुए था

## संक्षेप

### सिंधु जल संधि को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करने का आ गया है समय: पूर्व राजदूत

**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलाधिपति और रूस में भारत के पूर्व राजदूत कंवल सिब्बल ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान के साथ हुए सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को



अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की वकालत की है. दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भारत के विदेश सचिव रहे सिब्बल ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान द्वारा उकसाए गए पहलगाम में नवीनतम आतंकवादी हमले के लिए वास्तव में सार्थक प्रतिक्रिया के रूप में सिंधु जल संधि को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने का समय आ गया है. हमने पहले भी कहा है कि खून और पानी एक साथ नहीं चल सकते. आइए हम अपनी घोषित स्थिति पर काम करें. यह एक रणनीतिक प्रतिक्रिया होगी.

### भगोड़े मेहुल चोकसी की जमानत याचिका को बेल्जियम की अदालत ने खारिज किया

**बेल्जियम,23 अप्रैल।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के प्रमुख आरोपी और भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की अदालत से एक बड़ा झटका मिला है. अदालत ने उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है. चोकसी, जो 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी है, की जमानत याचिका पर तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सुनवाई की और सभी दलीलों को सुनने के बाद उसे अस्वीकार कर दिया. सुनवाई के दौरान मेहुल चोकसी ने अदालत में अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वह बीमार हैं और उन्हें अपने परिवार के साथ रहने की अनुमति दी जानी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि वह जमानत के लिए किसी भी शर्त को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, यहां तक कि GPS ट्रैकिंग डिवाइस वाली एंकलेट पहनने के लिए भी. हालांकि, अदालत ने उनकी इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया.

### सेना ने ढेर किए 2 आतंकी

**श्रीनगर,23 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक मुठभेड़ हुई, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए. यह घटना पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद हुई. सेना ने मुठभेड़ की पुष्टि की है और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है. भारतीय सेना के अनुसार, मुठभेड़ तब शुरू हुई जब लगभग दो से तीन आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे थे. बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की एक कोशिश को विफल करते हुए सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया. उत्तरी कश्मीर के उरी नाले में यह घटना हुई, जहां चिनार कोर ने एक पोस्ट में जानकारी दी कि 23 अप्रैल 2025 को सरजीवन के रास्ते दो से तीन आतंकवादियों ने घुसपैठ का प्रयास किया था.

### पहलगाम हमला: एयरलाइंस कंपनियां नहीं लेंगी कैंसिलेशन फीस

**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** पहलगाम में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, एयर इंडिया ने श्रीनगर के लिए यात्रा करने वाले अपने यात्रियों को पूर्ण समर्थन प्रदान कर रहा है. इसी प्रकार, एयर एशिया ने भी घोषणा की है कि वह 30 अप्रैल 2025 तक श्रीनगर से और श्रीनगर के लिए उड़ानों के कैंसिलेशन चार्ज को माफ करेगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 30 अप्रैल 2025 तक श्रीनगर से या श्रीनगर के लिए उड़ानों की बुकिंग करने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने की सुविधा प्रदान की है, जिसमें पूर्ण शुल्क माफी और किराए के अंतर की व्यवस्था शामिल है. एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यात्री चाहें तो अपनी बुकिंग को रद्द कर सकते हैं और मूल भुगतान विधि के माध्यम से पूरा रिफंड प्राप्त कर सकते हैं.

# आतंक के आगे नहीं झुकेगा भारत

## मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद बोले अमित शाह



**श्रीनगर,23 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के शवों पर पुष्पांजलि अर्पित की और बचे लोगों को आश्वासन दिया कि इस नृशंस कृत्य के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही दुश्मनों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह मंत्री ने बाद में मारे गए लोगों के परिवारों और हमले में जीवित बचे अन्य लोगों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि सुरक्षा बल इस घातक हमले के दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बुधवार रात को हमले के कुछ ही घंटों के भीतर शाह यहां पहुंचे और उन्हें पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने स्थिति के बारे में जानकारी दी। गृह मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की, जिसमें उपराज्यपाल भी शामिल हुए। प्रतिबंधित पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी समूह के एक छाया समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लेकिन इसकी पुष्टि करने वाला सरकारी बयान अभी आना बाकी है।

### पाकिस्तान दहशत में

पुलवामा हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान दहशत में है। पाक सरकार ने एयरफोर्स को हाईएलर्ट पर रख दिया है। सी-130 विमानों से पीओके की निगरानी की जा रही है। पाकिस्तान को एयर स्ट्राइक का डर सता रहा है। दिल्ली में पाकिस्तानी दूतावास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# चिरमिरी की पार्षद ने पति और बच्चों के साथ लॉज में छिपकर बचाई जान



**चिरमिरी,23 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों ने अपनी जान गंवा दी. हमले के दौरान मौके पर मौजूद रहीं चिरमिरी की पार्षद पूर्वा स्थापक अपने पति, बच्चों और मित्र मंडली के साथ लॉज में छिपकर जान बचाने में कामयाब रहीं. अब सभी सुरक्षित श्रीनगर पहुंच गए हैं. चिरमिरी के रहने वाले शिवांश जैन की मां ने बताया कि उनका बेटा अपने मित्र मंडली - कुलदीप स्थापक, अरविंद अग्रवाल, हैप्पी बधावान, उनकी पत्नी और बच्चों के साथ घूमने के लिए पहलगाम गए थे. इनमें से कुलदीप स्थापक की पत्नी पूर्वा स्थापक चिरमिरी नगर निगम में भाजपा से वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद हैं. शिवांश की मां ने बताया कि आतंकवादी हमले के समय सब वहीं मौजूद थे. हमला होते ही सब लॉज की ओर भागकर अपनी जान बचाई. अब वहां से इन सबको सुरक्षित लाया जा रहा है. शिवांश की मां ने बताया कि घटना की सूचना साढ़े तीन बजे मिली. बात हुई है कि सब सुरक्षित होटल में हैं. वहीं इनके दोस्त से फोन में बात हुई. 9 बजे फोन किए तो बताया कि महिला-पुरुष को अलग-अलग सुरक्षित श्रीनगर पहुंचाया गया है.

# आतंकी हमले पर खुशी मनाने वाला मोहम्मद नौशाद गिरफ्तार

**रांची,23 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर खुशी जाहिर करते हुए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान को सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले मोहम्मद नौशाद को झारखंड में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को बोकारो के मखदुमपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया। 35 वर्षीय आरोपी मोहम्मद नौशाद ने बिहार के मदरसे में कुरान की तालीम लेकर डिग्री हासिल की है। वर्तमान में पिता के साथ बोकारो में रह रहा है। उसका एक भाई दुबई में है, जिसके नाम से आवंटित सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नौशाद ने इंस्ट्राग्राम व एक्स (पहले ट्वीटर) और फेसबुक चलाता है। बुधवार को आतंकी हमले में मारे गए लोगों के गम में पूरा देश गम में डूबा था वहीं नौशाद रात को आतंकियों को बधाई दे रहा था। नौशाद ने एक्स पर उर्दू में लिखा, शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा खुश रखे। आमीन, आमीन। हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाए। इसके साथ उसने तीन स्माइली इमोजी के साथ अपनी खुशी भी जाहिर की। उसने इसके बाद भी कई ट्वीट किए जिनमें काफी आपत्तिजनक और भड़काऊं बातें लिखी हैं। नौशाद के ट्वीट के बाद लोग लगातार झारखंड पुलिस को टैग करके सख्त ऐक्शन लेने की मांग कर रहे ते। आरोपी इससे पहले भी काफी भड़काऊ बातें सोशल मीडिया पर लिखता रहा है। पहले भी लोग झारखंड पुलिस से उसकी शिकायत कर चुके थे। अब पुलवामा हमले पर एक बार फिर उसने जहरीलेपन की हदें पार कर दीं। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने टेक्निकल सेल को शामिल कर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित की।



# आतंकवाद का मजहब होता है : राजा भैया

राजा भैया ने कहा कि अब अपने पर्यटक भाई बहनों से कहना चाहूंगा कि जब हम अपने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं तो न सिर्फ अपने परिवार के जीवन को खतरे में डालते हैं बल्कि आतंकवादी, अलगाववादी, जेहादी ताकतों को आर्थिक रूप से मजबूत करते हैं, इतना ही नहीं हम अनजाने में अपने ही खिलाफ़ छिड़े 'जेहाद' को अपनी ही जेब से फ़ंड करते हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले के एक दिन बाद, उत्तर प्रदेश के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह, जिन्हें राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, ने आतंकवाद के धार्मिक उद्देश्यों पर तीखा हमला किया और भारतीय पर्यटकों को कश्मीर में छुट्टियां मनाकर अनजाने में जिहाद को वित्तपोषित करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कश्मीर में हिन्दू तो पहले ही मारे काटे जा चुके हैं, जो जान बचाकर भागने में सफ़ल रहे वे अपने ही देश में आज भी शरणार्थी हैं। राजा भैया ने कहा कि अब अपने पर्यटक भाई बहनों से कहना चाहूंगा कि जब हम अपने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं तो न सिर्फ अपने परिवार के जीवन को खतरे में डालते हैं बल्कि आतंकवादी, अलगाववादी, जेहादी ताकतों को आर्थिक रूप से मजबूत करते हैं, इतना ही नहीं हम अनजाने में अपने ही खिलाफ छिड़े 'जेहाद' को अपनी ही जेब से फ़ंड करते हैं। डल झील में नावों पर सपरिवार सेल्फी लेकर हम विश्व को ये संदेश देते हैं कि कश्मीर में अमन चैन है, लेकिन आज फिर एक बार असलियत सबके सामने आ गयी।

### आतंकवाद का धर्म होता है : कंगना



**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम पर हमले की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा आतंकवाद का धर्म होता है और पीड़ितों का भी। कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम पर दो पोस्ट शेयर किए। पहली पोस्ट में हमले की तस्वीर है। इस तस्वीर के साथ कंगना ने लिखा- आतंकवाद का धर्म होता है और पीड़ितों का भी। कंगना ने दूसरे पोस्ट में पीड़ितों का वीडियो शेयर किया है। इसे शेयर करने के साथ कंगना ने लिखा- इन लोगों ने आम नागरिकों पर गोलियां बरसाईं जिनके पास खुद को बचाने के लिए कुछ भी नहीं था। इतिहास में हर लड़ाई जंग के मैदान में लड़ी गई है, लेकिन जब से इन नपुंसकों को हथियार मिले हैं ये मासूम लोगों पर गोलियां चला रहे हैं, इन डरपोक लोगों से कैसे लड़ा जाए जो केवल जंग के मैदान के बाहर लड़ना चाहते हैं। कंगना रनौत के अलावा कई सारे बॉलीवुड और टीवी के सितारों ने इस मामले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जताई है। टीवी एक्टर अली गोनी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा- आज पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले से मैं बहुत दुखी और गुस्से में हूं।

**गर भारत को शांति चाहिए कश्मीर की वैली में ,दिल्ली उत्तर देना सीखे इजरायल की शैली में** — डॉ.हरिओम पंवार

# महादेव सट्टा एप से जुड़े नेटवर्क पर रायपुर ईडी का करारा प्रहार

- मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली-मुंबई समेत 7 बड़े शहरों में छापा
- बॉन्ड सहित 573 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति की फ्रीज

**रायपुर,23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रायपुर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने देश के 7 बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए 576.29 करोड़ रुपए की सिक्योरिटीज/बॉन्ड/डीमैट खाते फ्रीज कर दस्तावेज जब्त किए। इसमें 3.29 करोड़ रुपए नकद शामिल हैं। ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का कनेक्शन दिल्ली के कुछ नेताओं से जुड़ा है। हवाला के जरिए छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक काली कमाई भेजी गई। यह भी पाया गया कि सट्टेबाजी से कमाए गए पैसों को मॉरीशस और दुबई के फर्जी एफपीआई (फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स) के जरिए विदेशी निवेश और शेयर बाजार में लगाया गया, जिससे स्मॉल और मिडकैप कंपनियों के शेयरों की कीमतों में कृत्रिम उतार-चढ़ाव करके आम निवेशकों को चपत लगाई गई। अधिकारियों के अनुसार, यह मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। दिल्ली के जिन नेताओं का कनेक्शन मिला है, ईडी ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच में मेसर्स महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप का सिंडिकेट चलाने के इनपुट मिले हैं। इसके लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, आईडी को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की व्यवस्था करता है। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में अपराध की आय मिली है। बता दें कि महादेव सट्टा प्रकरण में अब तक ईडी ने 170 से अधिक परिसरों में छापेमारी कर तलाशी में करीब 3002.47 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति अटैच कर चुकी है। साथ ही इस सिंडिकेट से जुड़े 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, प्रकरण की जांच कर 5 अभियोजन शिकायतों में 74 संस्थाओं को आरोपी बनाया गया है।

# इस तरह की घटना का बदला लेगा देश: सीएम

**रायपुर,23 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं का देश बदला लेगा. इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से पहलगाम गए पर्यटकों के बारे में मुख्य सचिव, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली. साथ ही आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई दौरे पर रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में कहा कि इस तरह की घटनाओं पर देश ने करारा जवाब दिया है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे के बीच से वापस लौट गए हैं. उन्होंने लौटते ही एयरपोर्ट पर बैठक ली, इससे घटना को लेकर उनकी गंभीरता समझ आती है. सीएम साय ने सभी मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया का भी दुखद निधन हुआ है। स्थानीय प्रशासन परिवार के संपर्क में है। शासन-प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह मुंबई के लिए रवाना हुए, जहां वे बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर बताया कि मुंबई का दो दिवसीय दौरा है, आज टेक्सटाइल पर रूह कार्यक्रम है. वे अंतर्राष्ट्रीय स्टील कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।





# 100 फीट नीचे खाई में गिरे युवक-युवती की मौत

### दुर्घटना या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**जगदलपुर23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में स्थित मेन्द्री घूमर जलप्रपात घूमने आए युवक और युवती 100 फीट गहरे खाई में गिर गए। खौफनाक हादसे में दोनों की मौत हो गई है। युवक-युवती बकावंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों ने खुदखुशी की या वे हादसे का शिकार हुए, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, तेलंद्र देवांगन और तनुजा देवांगन बाइक से मेंद्री घूमर जलप्रपात पहुंचे थे। दोनों पर्ची कटाकर घूमने चले गए, काफी देर तक नहीं लौटने पर पर्यटक समूह सदस्य लक्ष्म कश्यप ने ढूंढना शुरू किया। दोनों जलप्रपात से करीब 100 फीट निचे खाई में गिरे नजर आए। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लगभग दो घंटे की मशक्क्त के बाद शवों को बाहर निकाला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. अबतक युवक और युवती कैसे जलप्रपात से नीचे 100 फीट खाई में गिरे या उन्होंने आमहत्या की है, इसकी पुष्टि नहीं है. पुलिस ने दोनों के शवों को बरामद कर जांच में गई है.

### 'कांग्रेस को चुनाव चिन्ह 'हाथ' से बदलकर 'लुंगी' कर लेना चाहिए': सरमा

गुवाहाटी,23 अप्रैल। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों के दौरान किया गया एकमात्र विकास 'लुंगी और धोती' का मुफ्त वितरण था. उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' से बदलकर 'लुंगी' कर लेना चाहिए. पंचायत चुनाव के दौरान धेमाजी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यभार संभालने के बाद से चार वर्षों में राज्य में शांति और प्रगति बहाल हुई है. उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस के शासन में विकास लुंगी, धोती, 'सुता' (धागा) और 'अथुवा' (मच्छरदानी) के वितरण तक सीमित था. वे केवल यही भाषा समझते थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि अब माहौल बदल गया है और लोगों को 'ओरुनुदोई' जैसी योजनाओं के तहत सीधे उनके बैंक खातों में लाभ मिल रहा है, जो महिलाओं को सशक्त बनाती हैं.

## एक नजर

### पृथ्वी दिवस पर हम सबको पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए : प्रणव शर्मा



**उतई, 23 अप्रैल।** वन एवं पर्यावरण स्थाई समिति के सभापति प्रणव शर्मा जी स्वामी आत्मानंद स्कूल ग्राम घुघुवा(क) में आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सम्मलित हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज एक ऐसा दिन है जो हमें न सिर्फ धरती के महत्व का एहसास कराता है, बल्कि उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमारी पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। हर पेड़, हर बूंद पानी, हर जीव, सब हमारी सांसों से जुड़े हैं, लेकिन आधुनिक जीवनशैली ने इस संतुलन को बिगाड़ दिया है। बढ़ते प्रदूषण, पेड़ पौधों की कटाई, जल की बर्बादी और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग हमारे भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। इस पृथ्वी दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए - वृक्षारोपण करें, प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, जल और ऊर्जा की बचत करें। ये छोटे-छोटे प्रयास मिलकर एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित धरती की ओर कदम बढ़ाएं। उक्त अवसर पर सेजेस घुघुवा(क) के शाला विकास समिति के अध्यक्ष थानेश्वर प्रसाद साहू, पालक समिति के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, प्रभारी प्राचार्य के के पहरी, वरिष्ठ शिक्षक जे एल वर्मा एवं शिक्षक उपस्थि रहे।

### 3 गांजा तस्कर, दो कोचिए गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई ओडिशा से गांजा की खेप लेकर भिलाई पहुंचे तीन तस्करों और दो लोकल कोचिया को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास एक कार में बैठकर सभी आरोपित गांजा का हिसाब कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया आरोपितों के पास से सात किलो 55 ग्राम गांजा, बिक्री रकम - 2400 रुपये, छह मोबाइल और एक कार जब्त किया गया है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी कि सेक्टर-9 आरोपित सोनू ठाकुर (34 साल ) अपने साथी मिलमारा बस स्टैंड के पास उतई निवासी सोम चंदेल (28 साल ) के साथ गांजा की खेप लेने के लिए भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा हुआ है इस पर पुलिस की टीम भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची जहां पर महाराणा प्रताप भवन के पीछे सेक्टर-7 में सीनू डेली नीड्स के पास एक कार में पांच लोग बैठे मिले उनमें सोनू ठाकुर और सोम चंदेल भी थे पुलिस ने कार में बैठे तीन अन्य लोगों के बारे में पूछा तो उन्होंने अपना नाम दिलीप चंद भोई (28 साल ), प्रेमराज कुमुरा (36 साल ) और कोदड़धर पात्रा (29 साल ) और पता पोस्ट व तहसील मानीकेरा थाना एम रामपुर जिला कालाहांडी ओडिशा बताया। कार की तलाशी लेने पर उसमें एक सफेद रंग की बोरी में गांजा मिला पूछताछ में आरोपित दिलीप चंद भोई, प्रेमराज कुमुरा और कोदड़धर पात्रा ने पुलिस को बताया कि वे लोग ट्रेन से बैग में गांजा लेकर भिलाई पहुंचे थे यहां पर वे तीनों सोनू ठाकुर और सोम चंदेल को बेचकर वापस ओडिशा लौटने वाले थे पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय पेश किया जहां से सभी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।

### हादसे में घायल महिला की मौत

**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई खुर्सीपार आईटीआई के सामने सड़क पार कर रही एक महिला को भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया महिला का पैर के ऊपर से वाहन गुजरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई हादसे के कारण महिला के पैर अलग होकर लटक रहा था तत्काल उसे शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि भानुप्रिया साहू ;32 वर्षद्ध राजनांदगांव के तुमड़ीमोड क्षेत्र की रहने वाली थी भिलाई में उसका मायका है वह कुछ दिन पहले अपने बच्चों को लेकर भिलाई पहुंची थी वह आईटीआई के सामने सड़क क्रास कर रही थी इस दौरान भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया भारी वाहन का चक्के महिला के पैरे से गुजरे जिससे उसका एक पैर अलग हो गया हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल महिला को सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा गया इलाज के दौरान भानुप्रिया की मौत हो गई इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है भारी वाहन की तलाश की जा रही है ।

### गीतिका अग्रवाल को मिला पीएचडी अवार्ड

**उतई, 23 अप्रैल।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी आर 1 भिलाई के शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक गीतिका अग्रवाल को उनके शोध कार्य पूर्ण होने पर पीएचडी की उपाधि मिला। डॉ गीतिका अग्रवाल ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर संवेगात्मक परिपक्वता एवं सामाजिक कौशल के प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध पूर्ण की। उन्होंने अपना शोधकार्य सेंट थॉमस महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ ज्योत्सना गढ़पायले के निर्देशन एवं कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ आरती मिश्रा के सहनिर्देशक में पूर्ण किया।



# म्यूल एकाउंट मामले में पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार, खाते में आए थे फ्राड के पांच करोड़ रुपए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई म्युल एकाउण्ट मामले में खाता धारक महिला को वैशाली नगर थाने पुलिस ने पकड़ा आरोपी महिला के खाते में सायबर फ्रॉड का 5 करोड़ आया तथा कार्पोरेट एकाउण्ट में ट्रांसफर किया गया इस प्रकरण में कुल 85 करोड़ रकम का ट्रांजेक्शन हुआ है वहीं अन्य 110 खाता धारकों के संबंध में पता तलाश जारी है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिया (40 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी को ज्ञात हुआ कि शाखा में लगभग 111 खाते हैं जिसमें कुल अधिकतम खातों में साइबर फ्रॉड एवं अन्य फ्रॉड की रकम आई है जिसे खातों में डेबिट मेमो लगा है जिसमें लगभग 22,05,173.53 रूप्ये होल्ड लगा हुआ है। इन खातों में साइबर फ्रॉड एवं अन्य फ्रॉड के पैसे कई बार जमा हुये है तथा अपराधिक षड़यंत्र कर साइबर फ्रॉड तथा अन्य फ्रॉड कर अवैध धन अर्जित किया गया है। प्रार्थी के केनरा बैंक के म्युल खाता धारकों के विरूद्ध मामले में धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61 (2), (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया वैशाली नगर टीआई अमित अंदानी टीम गठित कर म्युल खाता धारकों की पतासाजी की जा रही थी कि म्युल खाता

क्र.120032845684 के धारक उमा शर्मा का तलाश के दौरान अपने निवास पर उपस्थित मिली पूछताछ में बतायी कि एवनी ब्रेसिंग ब्युटी पार्लर के नाम से आरोपिया का शॉप है आरोपी ने केनरा बैंक में 3 जनवरी 2025 को करंट एकांउट खुलवाया था, जिसमें अपनी गुमास्ता, अधारकार्ड, पेनकार्ड, उधम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट देकर अपना खाता खुलवाया था, जिसमें आरोपी महिला ने 700 रुपए जमा की तथा अपने मोबाइल नंबर 9407697546, 8103394531 में इंटरनेट बैंकिग चालू करवाया। आरोपी के खाते में फरवरी माह में 5 करोड़ के आसपास आया था जो दिल्ली ट्रांसफर हुआ है। आरोपी महिला ने साइबर फ्रॉड एवं अन्य फ्रॉड के आये पैसों को अपने नाम से जारी म्युल खाता में क्रेडिट कराकर ट्रांसफर करना बताये जाने से आरोपी उमा शर्मा के पेश करने पर केनरा बैंक का 02 नयु क्यु आर कोर्ड, एक वन प्लस नोर्ड एन्ड्रायड फोन सीम न0-9407697546 एवं 8109918409 आइडिया का तथा कैनरा बैंक से प्राप्त इंटरनेट बैंकिंग का लेटर जिसमे युजर आईडी और पासवर्ड लिखा है 02 नग, कैनरा बैंक का 01 नग चेकबुक को समक्ष गवाहो के जब्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया। आरोपी उमा शर्मा पति संजीव शर्मा (43 साल ) निवासी हाउसिंग बोर्ड जामुल को गिरफ्तार किया है ।



## हार्टफुलनेस योगाश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**भिलाई, 23 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज दुर्ग जिले के अमलेश्वर स्थित हार्टफुलनेस योगाश्रम में योग गुरु कमलेश डी पटेल से भेंट किया। इस दौरान उन्होंने योगगुरु को शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया और योग के संबंध में अंतरंग चर्चा की। मुख्यमंत्री साय यहां पर आयोजित मनोयोग कार्यक्रम में भी शामिल हुए और आधे घंटे तक आम नागरिकों के साथ मौन धारण किया। इस अवसर पर संभागायुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एस.पी. विजय अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कातरो में पोषण पखवाड़ा का समापन, 11 गर्भवतियों का पुंसवन व 7 बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 23 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन पर 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक देशभर में पोषण पखवाड़ा का सातवाँ संस्करण मनाया जा मनाया गया। इस वर्ष मातृ एवं शिशु पोषण, लाभार्थियों के लिए डिजिटल पहुँच और बचपन में मोटापे से निपटने पर केंद्रित थीम पर पोषण संबंधी कल्याण को बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी कार्यक्रम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कातरो में पोषण पखवाड़ा के समापन के अवसर पर ग्राम सरपंच जितेंद्र सोनाली सोनी व महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के मार्गदर्शन एवं गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया व हनोदा के सहयोग से ग्राम की 11 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार एवं 7 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार वैदिक कर्मकांड व तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से सम्पन्न कराया गया।

ग्राम सरपंच जितेंद्र सोनी ने कहा हमारे सनातन संस्कृति में जीवन के हर प्रमुख पड़ावों पर विशेष संस्कार सम्पन्न कराए जाते हैं किंतु संस्कारवान समाज की नींव खड़ा करने में गर्भाधान, पुंसवन एवं सीमन्तोन्नयन संस्कार का विशेष महत्व है। राम, कृष्ण, विवेकानंद जैसे संतान की प्राप्ति के लिए ये संस्कार जरूरी हैं। सरपंच सोनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा अपने ग्राम पंचायत को आदर्श बनाने के लिए युगदृष्टा श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरणा से गायत्री परिवार द्वारा आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम चलाई जाती है जिसका शुरुआत आज कातरो में भी हो गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने निवेदन करते हुए कहा एक बच्चे के दिमाग का विकास जब वह माँ के गर्भ में रहता हैं तभी से होना शुरू हो जाता है। गर्भ के दौरान माँ जिस वातावरण में रहती है, जैसे विचार करती हैं, जो अन्न वो ग्रहण करती हैं, वैसे ही आचरण बच्चों में भी पाया जाता हैं। इसलिए गर्भधारण करने से पहले ही हर माँ को एक श्रेष्ठ वातारण व श्रेष्ठ विचारों के साथ जीवन जीना चाहिए।

आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सोनल सोनी ने पोषण पखवाड़ा के बारे में चर्चा करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों के विकास के लिए आहार से संबंधित जानकारी दी व इस संस्कार के कार्यक्रम को हमेशा संचालित करने की बात कहीं।यज्ञ कर्मकांड सम्पन्न कराने में यज्ञाचार्य गीतांजली साहू, यामिनी चंद्राकर, गीतांजली साहू, लीसा, योगिता, हेमन्त साहू, मुकेश, तरुण का विशेष भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुषमा साहू, गोमती साहू के साथ उपसरपंच पुष्पा कृष्णा साहू, पंच सरिता साहू, गायत्री देवांगन, शशि साहू, सरोज बाई साहू,आंगनबाड़ी सहायिका पुष्पा बारले, पुष्पा क्षत्रिय, मितानिन मुन्नी देवांगन, लता साहू, बिरम साहू, कमलेश्वरी गजपाल, धर्मिन साहू, परमा पटेल, आरती साहू एवं ग्रामीण महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

### एमआईसी की बैठक में कई निर्णय लिए गए

**दुर्ग,23 अप्रैल।** नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक मेयर श्रीमती अलका बाघमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कक्ष में आयोजित हुई।बैठक में कमिश्नर सुमित अग्रवाल,एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे,चंद्रशेखर चन्द्राकर,लीना दिनेश देवांगन, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू,नीलेशअग्रवाल ,शिवनायक, लीलाधर पाल,शशि साहू,हर्षिका जैन,उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम,आर के जैन, गिरीश दीवान सहित अधिकारी/कर्मचारी की मौजूदगी में सबसे पहले बाजार विभाग पार्किंग जुड़े एजेंडों पर चर्चा हुई।इंदिरा मार्केट वाहन शुल्क हेतु 3 वर्षों के लिए निविदा पर चर्चा की गई।इदिरा मार्केट वाहन पार्किंग ठेका व न्यू बस स्टैंड में वाहन पार्किंग ठेका को मेयर श्रीमती अलका बाघमार व परिषद के सदस्यों की सहमति से रेट नही आने के कारण अगले एमआईसी की बैठक में निर्णय हेतु टाला गया।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया नवीनीकृत इस्पात क्लब का उद्घाटन



**भिलाई, 23 अप्रैल।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टर-4 में नवीनीकृत इस्पात क्लब का उद्घाटन 22 अप्रैल को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबन्धक विष्णु के पाठक, अध्यक्ष नन्द किशोर साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर उप-महाप्रबंधक डीसी सिंह, उप-महाप्रबंधक रणवीर सिंह, उप-महाप्रबंधक राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने समय पर कार्य को पूरा करने लिए सभी सम्बंधित विभागों की सराहना की। उन्होंने संयंत्र के बाहर कर्मचारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के विषय में चर्चा करते हुए सर्वसुविधायुक्त नवीनीकृत इस्पात क्लब की आवश्यकता और उसके उपयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने क्लब के नियमित देख-रेख और उससे विवेकपूर्ण तरीके से लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित विशेष अतिथियों ने भी अपने आशीर्वचन के साथ इस नवीनीकृत इस्पात क्लब के लिए शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की । भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्पात उत्पादन के साथ साथ अपने कर्मचारियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखता है। संयंत्र इस्पात नगरी के सौंदर्यीकरण के लिए इन दिनों कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इन परियोजनाओं के तहत, सड़कों की मरम्मत एवं चौकों के जीर्णोद्धार सहित पुराने इस्पात क्लबों के रिनोवेशन का कार्य भी किया जा रहा है। टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में स्थित इस्पात क्लबों के रेनोवेशन कार्य की शुरुआत इस्पात क्लब सेक्टर 7 के नवीनीकरण के साथ की गई थी। साथ ही कार्यक्रम में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारी रविशंकर सिंह के साथ हरिशंकर चतुर्वेदी, सुरेन्द्र चौहान, कैलाश सिंह, कार्तिक पाण्डेय, सुदीप सेनगुप्ता, अमित कुमार सिंह, अशोक कुमार, राम कुमार, संजय प्रताप, अरविन्द सिंह, रमेश दत्त पांडे, अनिल सिंह, उमेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, प्रकाश सोनी, चंद्रकांत पटेल एवं दीनानाथ की भी मौजूदगी रही।

## राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ियों का चयन

**भिलाई, 23 अप्रैल।** अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच कृष्णा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 20 से 25 मई तक आयोजित होने वाली सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम के लिए किया गया, जो इस प्रकार है  बालक वर्ग - सब-जूनियर - 53 किलोग्राम मो. रेहान खान (राजनांदगांव), लिएंडर जूड सिम (बिलासपुर), 59 किग्रा  मनमीत सिंह लालवानी (बीएसपी), 66 किग्रा  कृष जोसेफ (कवर्धा), 74 किग्रा  हरीश कुमार कौशिक (बिलासपुर), 83  किग्रा उत्सव सेन (बालोद), 93 किग्रा ;अरमान गेंड्रे (बिलासपुर), 105 कि.ग्रा अर्पित पटेल (बेमेतरा), 120 किग्रा  अक्षत सलूजा (बिलासपुर), जूनियर 53 किग्रा  रूपम देवांगन (पंडरिया-कवर्धा), 59 किग्रा  हेमचंद कोर्राम (कांकेर), 66 किग्रा  अवि जायसवाल (बिलासपुर), नासिर हुसैन (रायपुर), 74 किग्रा  शुभम साहू (रायपुर) 74 किग्रा  टेक सिंह (कवर्धा) 83 किग्रा  कुलदीप वर्मा (बीएसपी), योगेन्द्र सिंह ठाकुर (केसीजी), 93 किग्रा  अंकित राजपूत (बिलासपुर), एकलव्य उपाध्याय (बीएसपी), 105 किग्रा  अभिनीत यदु (रायपुर), आकाश शर्मा (बिलासपुर), प्लस 120 किग्रा आयुष कुमार सिंह (बीएसपी)। बालिका वर्ग; सब जूनियर - 43 किलोग्राम  समृद्धि मिश्रा (बिलासपुर), 47 किलोग्राम  आभा चंद्राकर (महासमुंद), +84 किलोग्राम  अन्नपूर्णा नायक (बीएसपी), जूनियर  57 किलोग्राम  प्रेरणा नाथवानी (बीएसपी) स्नेहा साहू (रायपुर), टीम के कोच / मैनेजर मयंक सिंह (मनेंद्रगढ़) होंगे। समस्त खिलाड़ी 20 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे ।

# एनडीआरएफ ने आपदा के समय क्या करना चाहिए, जानकारी दी



**भिलाई, 23 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 22 अप्रैल राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम (फेमेक्स) का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहेरा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन महाप्रबंधक आर. पी. अहिरवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम प्रमुख विकास शर्मा एवं उनकी टीम ने भूकंप, अग्निकांड, गैस रिसाव जैसी आकस्मिक आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी सावधानियों, उपकरणों के उपयोग और प्राथमिक प्रतिक्रिया उपायों पर न केवल ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया, बल्कि उनके सजीव प्रदर्शन के माध्यम से उपस्थित जनों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया। इन प्रस्तुतियों को प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत प्रभावी, अनुकरणीय एवं व्यवहारिक बताया गया। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एम. वी. बाबू भी उपस्थित थे। साथ ही, कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में ऑक्सीजन प्लांट-2 से महाप्रबंधक पी. सी. बाग, महाप्रबंधक नदीम खान, उमेश मलायाथ एवं एम. डी. साहू ने सक्रिय योगदान दिया। इसी प्रकार, प्रोपेन प्लांट-1 एवं 2 से आर. के. चंद्रा एवं नागेन्धर तथा लिंडे इंडिया लिमिटेड से सत्यनारायण, राहुल एवं राजेश उपस्थिति रहे।

### खुर्सीपार जोन-2 एवं 3 में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**भिलाई, 23 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत कार्यरत नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नगर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर प्रिवेंटिव मेंटेनेंस कार्य किए जाते हैं। पीएसडी-ढ्ढ द्वारा प्रस्तावित रखरखाव कार्यक्रम के अंतर्गत 23 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से पूर्वाह्न 1130 बजे तक, नगर के खुर्सीपार जोन-2 एवं जोन-3 क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

# सियान सदन शिविर में 72 लोगों के कैंसर जांच कर दवाई दी गई



**भिलाई, 23 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवा रायपुर स्थित बाल्को मेडिकल सेंटर के सहयोग से 22 अप्रैल को संयंत्र के सियान सदन - रिटायरमेंट होम परिसर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कैंसर के लक्षणों, कारणों और उपचार के प्रति स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाना था। शिविर में कुल 72 व्यक्तियों की जांच की गई। साथ ही रोगियों को आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। कैंसर के संभावित लक्षण पाए जाने वाले व्यक्तियों आगे की जांच हेतु बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर जाने की सलाह दी गई। उल्लेखनीय है कि इस श्रृंखला का यह तीसरा शिविर था। इससे पूर्व, 20 जनवरी 2025 को तालपुरी ट्विन सिटी इंटरनेशनल कॉलोनी, भिलाई में पहला शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें 69 लोगों की जांच की गई थी, जबकि दूसरा शिविर 15 फरवरी 2025 में स्मृति नगर, भिलाई में आयोजित किया गया था, जहाँ 39 लोगों की जांच हुई थी। शिविर में वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. प्रभाकर गुप्ता (बाल्को मेडिकल सेंटर), मेडिसिन विभाग, जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र से डॉ. त्रिनाथ दास, वरिष्ठ प्रबंधक, सुशील कामड़े, उप प्रबंधक, के.के. वर्मा, बुधेलाल, तथा सीएसआर एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभागों के अन्य अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और शिविर के सफल संचालन में योगदान दिया।

### शिवसेना ने की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**भिलाई, 23 अप्रैल।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के नेता राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला एवं पर्यटकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की शिवसेना कड़ी निंदा करती है। सुरेन्द्र यादव ने कहा कि आतंकवादियों ने सैलानियों पर हमला कर पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

देश के दुश्मन के खात्मे के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिये। जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने की शिव सेना ने मांग की है।

# मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर 11 हजार से अधिक हैंडपंपों की मरम्मत की गई

■ मुख्यमंत्री साय ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली

■ सरगुजा में खुलेगा पीएचई के मुख्य अभियंता का परिक्षेत्रीय कार्यालय



**रायपुर 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और इसकी गहन निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत तेजी से कार्य हुए हैं और अब तक 86 मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से 11,238 हैंडपंपों की मरम्मत पूरी की जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहाँ भी पेयजल से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहाँ तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली और प्रदेश में पेयजल की उपलब्धता, भूजल स्तर, जल जीवन मिशन की प्रगति और जल संरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने सरगुजा में पीएचई विभाग का मुख्य अभियंता परिक्षेत्रीय कार्यालय खोलने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ÷सुशासन तिहार÷ के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की महत्वाकांयोजना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर नल से जल पहुँचाने का बड़ा संकल्प लिया है। जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को उन्होंने समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की आगामी वर्षों की कार्ययोजना की भी समीक्षा की। साय ने कहा कि भूजल स्तर में गिरावट से प्रभावित विकासखंडों के साथ-साथ बिना जल स्रोत वाले ग्रामों की सूची भी तैयार करें, ताकि इसे दूर करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें। साय ने भूजल संकट से जूझ रहे 6 जिलों के 10 विकासखंडों को लेकर चिंता जताई और कहा कि अल्पकालिक व दीर्घकालिक योजनाएँ बनाकर जल संकट से निपटना होगा। उन्होंने रिचार्ज पिट और वर्षा जल संचयन जैसी जल संरक्षण तकनीकों को बढ़ावा देने की बात कही और अनियंत्रित भूजल दोहन पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और वन विभागों को आपसी समन्वय के साथ ÷कैच द रेन÷ जैसे जल संरक्षण अभियानों को सुशासन तिहार के दौरान व्यापक रूप से प्रचारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण को हम सभी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद अब्दुल कैसर हक, संचालक जल जीवन मिशन जितेंद्र शुक्ला सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 28 अप्रैल को

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत के विभिन्न योजनाओं के आय-व्यय अनुमोदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 अप्रैल को

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, वन, लोक निर्माण, खाद्य विभाग की विभागीय योजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सर्

### सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का 30 अप्रैल तक हो निराकरण

**धमतरी 23 अप्रैल।** निर्माणाधीन खरेंगा सड़क पर सुगम आवागमन के लिए जल्द ही मुरूमीकरण कराया जाएगा। इसके साथ ही सड़क पर समुचित ढाल बनाकर पानी निकासी की भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में इस सड़क पर तात्कालिक व्यवस्था के लिए मुरूम डलवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने आज की बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित एडीएम श्रीमती रीता यादव और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के दौरान जिले में मिले मांग-शिकायतों संबंधी सभी आवेदनों का निराकरण आगामी 30 तारीख तक अनिवार्यतः करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने को कहा।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 24 अप्रैल को

**धमतरी 23 अप्रैल।** राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक आगामी 24 अप्रैल को आहूत की गई है। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख सुधार, फॉर्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, भू-राजस्व वसूली, नजूल भू-भाटक वसूली, आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण, डायवर्सन, वृक्ष कटाई, आधार सीडिंग, नक्शा बटांकन, भू-अर्जन, भू-आबंटन, भूमि व्यवस्थापन, नजूल पट्टों का नवीनीकरण, गिरदावरी, जियो रिफ्रेंसिंग सर्वे के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनशिकायत पोर्टल, प्रधानमंत्री पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन से लेकर राजस्व पखवाड़े में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा होगी। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को एजेंण्डा अनुसार जानकारी सहित अनिवार्यतः बैठक में उपस्थित होने के निर्देश जारी किए हैं।

### मोदी की एक और गारंटी होगी पूरी

**धमतरी 23 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। 24 अप्रैल को जिले की 193 ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए डिजीटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू होंगे। इसके लिए राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में पहले चरण में प्रत्येक विकासखण्ड की दस-दस ग्राम पंचायतों में डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं से एमओयू किया गया है। इन डिजीटल सुविधा केन्द्रों के शुरू होने से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा देने की गारंटी भी पूरी हो जाएगी।

पूरे प्रदेश की तरह धमतरी जिले में भी 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतो में पंचायत राज दिवस मनाया जाएगा। इस दिन ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं की बैठकें होंगी। अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्रों की शुरूआत के पहले चरण में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड की 10-10 ग्राम पंचायतों में सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच एमओयू होगा। इस पंचायती राज दिवस के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नागरिकों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन जुड़ेंगे।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स के सतीश अध्यक्ष, प्रदेश के विकास मे होगी अहम भागीदारी: योगेश

■ चुनाव में नांदगांव के आलोक बिंदल व तरुण लहरवानी निर्विरोध निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 23 अप्रैल।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की नई बॉडीगठित होने के बाद प्रदेश के विकास में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की भागीदारी चर्चा का विषय बनेगी यह बात कहते हुए चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के चुनाव प्रभारी योगेश खत्री ने कहा कि चैंबर ऑफ़ कॉमर्स छोटे व्यापारियों के हितों का बराबर ख्याल रखती रही है। इस बार और गंभीरता से ख्याल रखेगी। खत्री ने चुनाव अधिकारी के रूप में निर्वाचन सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के बाद बताया कि राजनांदगांव में चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारी हेतु विशेष कर छोटे व्यापारियों हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम किया है। अब नई कार्यकारिणी गठित होने के बाद प्रदेश बॉडी व्यापारी हितों पर विशेष तौर से छोटे व्यापारियों के हितों पर ध्यान कें केंद्रित करते हुए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि विकास में छत्तीसगढ़ के चेंबर ऑफ कॉमर्स का योगदान की चर्चा राजनीतिक व अन्य क्षेत्रों में होती रही है। उनके द्वारा संपन्न चुनाव में राजनांदगांव से चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल और मंत्री

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव राजनांदगांव संस्कार ढाणी में विगत दिवस संपन्न हुआ जिसका शपथ ग्रहण समारोह राजधानी रायपुर में हुआ।

# मप्र निर्मित शराब उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 23 अप्रैल।** दिनांक- 29.03.2025 को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670/-रू को एवं घटना स्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया जिस पर घटित विशेष टीम द्वारा श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुये मामला में अब तक फार्म हाउस मालिक सहित कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजी जा चुकी है। छ0ग0 में मध्यप्रदेश राज्य से शराब उपलब्ध कराने वाले आरोपी इंदौर निवासी दशरथ मीणा को राजनांदगांव पुलिस की सहयोग से जगदलपुर पुलिस, थाना भानपुरी के अपराध क्र0- 38/2025 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के मामले में दिनांक- 07.04.2025 को गिरफ्तार किया गया था आरोपी केन्द्रीय जेल जगदलपुर में निरूद्ध था। उक्त आरोपी प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी निवासी मोहारा ओ0पी0 मोहारा को मध्यप्रदेश निर्मित शराब उपलब्ध कराता था।

# व्याख्याताओं की कार्यशाला में गणित पर दिया गया खास जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** जिले के सभी गणित विषय के व्याख्याताओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि कक्षा 10वीं के परिणाम आने के बाद बच्चों और उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करने कहा, जिससे ज्यादा से ज्यादा गणित विषय का चयन करें और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत बढ़े। उन्होंने शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित विषय की आवश्यकता होती है। एनडीए की तैयारी एवं कैरियर गाईडेंस सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी विद्यार्थियों को देने कहा। उन्होंने गणित विषय के संबंध में विद्यार्थियों को सकारात्मक बातें बताने कहा। सहायक संचालक आदित्य खरे ने कार्यशाला की उपयोगिता और उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला को प्राचार्य बीटीआई डोंगरगांव मुकुल साव ने विस्तार से चर्चा करते हुए जानकारी दी। वर्तमान में शिक्षक पालक और विद्यार्थी की क्या उदासीनता है जिसकी वजह से गणित विषय को लेकर कैरियर ऑप्शन्स में काफी गिरावट है और इन सभी मुद्दों को किस तरीके से बेहतर किया जा सकता है। उस पर विस्तार से चर्चा सभी व्याख्याता से की। उन्होंने अपील की बुनियाद मजबूत करने के लिए अपने आश्रित माध्यमिक शालाओं के कक्षा आठवीं के बच्चों में गणित विषय के संबंध में सकारात्मक चर्चा और काउंसलिंग करने कहा। विद्यार्थियों के पालकों को गणित विषय की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी देने कहा।

# सुशासन तिहार में प्राथमिकता के साथ आवेदनों का करें निराकरण: कलेक्टर

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की महत्वपूर्ण पहल है। सभी विभाग प्राथमिकता के साथ आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्वक करें तथा शासन की योजनाओं से जनमानस को अधिक से अधिक लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि आवेदन बड़ी संख्या में किसी कारण से निरस्त हो रहे है, तो संवेदनशीलतापूर्वक इसके दूसरे आयामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिसके लिए मार्गदर्शन या नीतिगत निर्णय लेने के लिए प्रस्ताव भी भेज सकते हैं। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली तथा पेयजल के सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे महत्वपूर्ण कार्य, घोषणा व बजट के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन के निर्माण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नालंदा परिसर, एजुकेशन हब, ग्राम पटेवा में प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर एवं ग्राम बिजेतला में प्रस्तावित स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य बारिश को ध्यान में रखते हुए पहले ही पूर्ण करें। जहां भू अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, वहां सतर्क रहते हुए गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर ने खाद व बीज की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली।




### एक हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 25 अप्रैल को

**धमतरी 23 अप्रैल।** धमतरी जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टोरेट परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 25 अप्रैल, शुक्रवार को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस प्लेसमेंट कैम्प में हैदराबाद, कांकेर और धमतरी के निजी संस्थाओं द्वारा एक हजार 130 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से चयनित होने वाले जिले के युवाओं को औसतन 16 से 22 हजार रूपये मासिक वेतन वाला रोजगार मिल सकेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सेक्यूरिटी गार्ड, हाउस कीपिंग, एएसओ, बीमा सखी, रूरल कैरियर एजेंट, सिटी कैरियर एजेंट और नॉर्मल एजेंट जैसे पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

### रात में किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य विभाग में मची हलचल

# नपं अध्यक्ष को अस्पताल में गंदगी और पानी की समस्या मिली

■ एसडीएम व तहसीलदार ने सुबह की जांच, लापरवाही पर जताई सख्त नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 23 अप्रैल।** नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डोंगरगांव का देर रात अचानक निरीक्षण किए जाने से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की दुर्व्यवस्था, गंदगी और पीने के पानी की गंभीर समस्या उजागर हुई।

**मरीजों की शिकायत पर रात में पहुंचीं अध्यक्ष**-शाम के समय कुछ मरीजों ने अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत की थी, जिसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल परिसर में सफाई का अभाव है और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने मौके पर ही जिम्मेदार अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और आवश्यक कदम उठाने को कहा।



**प्रशासन हरकत में, सुबह पहुंचे एसडीएम-तहसीलदार**-अध्यक्ष के औचक निरीक्षण की जानकारी मिलते ही प्रशासन भी सक्रिय हो गया। अगली सुबह एसडीएम और तहसीलदार ने स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि मरीजों को किसी भी स्थिति में असुविधा न हो।

**फोन कॉल्स पर नहीं मिले अधिकारी, जताई नाराजगी**-निरीक्षण के दौरान श्रीमती त्रिपाठी ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदार डॉक्टरों से संपर्क करने की कोशिश की, परंतु किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया। इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने जवाबदेही तय करने की मांग की।

**पानी की तत्काल व्यवस्था, मरीजों को राहत**-स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल पानी के टैंकर की व्यवस्था करवाई, जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को राहत मिली।

**स्वास्थ्य मंत्री को शिकायत की चेतावनी**-श्रीमती त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो वे स्वास्थ्य मंत्री को लिखित शिकायत करेंगी। उन्होंने कहा, ÷मरीजों की सेवा सर्वोपरि है, किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।÷

**जनता ने की सराहना**-नगरवासियों व मरीजों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के इस सक्रिय और संवेदनशील रुख की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब किसी जनप्रतिनिधि ने स्वयं रात में आकर अस्पताल की स्थिति देखी और त्वरित राहत प्रदान की।

## समाचार संक्षेप

### सफाई देखने आयुक्त पहुंचे इंदिरा नगर एवं नंदई



**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन वार्डो में जाकर सफाई देख वार्ड प्रभारी, दरोगा एवं सफाई कर्मियों को सफाई में और सुधार लाने निर्देशित कर रहे है। आज उनके द्वारा कौरिनभाठा रोड़, इंदिरा नगर, नंदई क्षेत्र में साफ-सफाई का जायजा लेकर निर्धारित समय तक सभी कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य करने कहा। इंदिरा नगर के हर गलियों की नाली की समुचित सफाई कराकर कचरा उठाने आयुक्त ने कहा। हाजरी रजिस्टर की जॉचकर उन्होने कर्मचारियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, कोई भी कर्मचारी बिना कारण अनुपस्थित नही रहेगें, और न ही सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति अवकाश पर रहेगें। उन्होने कहा कि, सफाई जैसे अति आवश्यक सेवा के कार्य में कोताही बर्दास्त नही की जायेगी। नंदई में साफ-सफाई देख कर्मचारियों से चर्चा कर कहा कि, चैक-चैराहों एवं डिवाईडर के आस-पास पर्याप्त सफाई करना सुनिश्चित करें। कचरा संग्रहण स्थल से प्रतिदिन कचरा उठाकर पुरी तरह से साफ करें, जिससे आवागमन में परेशानी न हो। उन्होने नंदई एवं इंदिरा नगर नाला की भी जेसीबी के माध्यम से सफाई कराने कहा। आयुक्त विश्वकर्मा ने आरोग्य अस्पताल के बाजू खाली भूमि में मेडिकल वेस्ट बिखरे देख आस-पास के सभी अस्पतालों को नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि, सभी अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट देने की अलग व्यवस्था है, उसके बावजूद खुले में वेस्ट फैलाना गंभीर बात है। उक्त निर्देश का कडाई से पालन किया जाये। उन्होने सी-मार्ट का निरीक्षण कर संचालक से व्यवस्था संबंधी जानकारी लेकर समान व्यवस्थित रखने के साथ-साथ पर्याप्त साफ-सफाई रखने कहा।

■ हाजिरी रजिस्टर की जॉचकर कम उपस्थिति पर जताई नराजगी

### पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने पदभार ग्रहण किया



**राजनांदगांव, 23 अप्रैल।** छ.ग. शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के आदेश दिनांक 20.04.2025 के अनुसार राजनांदगांव रेंज के तीसरा पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) को नियुक्त किया गया है। अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) 2007 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं जो परीवीक्षा अवधि में जिला रायपुर में वर्ष 2008 में कार्यरतू रहे हैं, इसके उपरांत वर्ष 2009-2010 में सहायक पुलिस अधीक्षक जिला दंतेवाड़ा, वर्ष 2010-2011 में एसडीओपी गरियाबंद, वर्ष 2011 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ बघेरा जिला दुर्ग, वर्ष 2011-2014 में पुलिस अधीक्षक सुकमा, वर्ष 2014 से 2016 तक पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, वर्ष 2016-17 में सहायक पुलिस महानिरीक्षक, लेखा-कल्याण, पु0मु0रायपुर, वर्ष 2017-2018 में माननीय राज्यपाल के परिसहाय रहे हैं। तत्पश्चात् वर्ष 2018 से 2024 तक केन्द्रीय प्रतिनियुक्त में सीबीआई, सीबीआई में प्रतिनियुक्ति के दौरान ही वर्ष 2021 में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पदोन्नत्ति प्रदान की गई है। वर्ष 2024 में प्रतिनियुक्ति से वापसी उपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय में पदस्थ रहे हैं, वर्ष 2025 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर कानून व्यवस्थ, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में कार्यरत थे, स्थानांतरण पर राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।



### 24 अप्रैल से छूरिया में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेन जंयती व महासभा

**छूरिया, 23 अप्रैल।** दो दिवसीय जिला स्तरीय सेन जंयती एवं महासभा का आयोजन 24 अप्रैल से 25 अप्रैल छूरिया मे मनाया जाना है इस आयोजन में सेन समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु सामिल होगे सर्वप्रथम 24 अप्रैल गुरुवार को शाम पांच बजे सामाजिक महासभा का आयोजन किया जाना है उसके बाद 25 अप्रैल को सेन समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी इस कार्यक्रम के शुभारंभ के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू कार्यक्रम के अध्यक्षता भुवन कौशिक प्रदेश सचिव सेन समाज विशेष अतिथि शिवकुमार सेन संभागीय अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिंन्हा नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार सिंह ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष तत्पश्चात दोपहर 3ः00 सेन जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक दर्शन परिवार एवं मधु मानस परिवार द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी वही कार्यक्रम के समापन के मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ होंगे कार्यक्रम के अध्यक्षता पुनीत राम सेन प्रदेश अध्यक्ष सर्वसेन समाज विशेष अतिथि संतोष पांडे सांसद राजनांदगांव सुमोना सेन अध्यक्ष केसर स्लीपी बोर्ड अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन श्रीमती किरण रवि वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष राजनंदगांव होंगे।



### शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** जिले में संपर्क स्मार्ट टीवी डिवाईस के संचालन के संबंध में सभी विकासखंडों में प्राथमिक शाला के शिक्षकों के लिए कार्यशाला प्रारंभ किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ विकासखंड के शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमसी श्री सतीष ब्योहारे, एपीसी श्री मनोज मरकाम, एपीसी श्री आदर्श वासनिक, बीआरसी श्री इनायत अली उपस्थित थे। कार्यशाला में संपर्क डिवाइस के बेहतर संचालन एवं बच्चों से सीधे जोडने् के लिए और बच्चों की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए क्या-क्या प्रयास इस डिवाइस के माध्यम से हो सकते हैं इस पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में संपर्क टीवी डिवाइस के संचालन से लेकर उनकी रिपोर्टिंग, डिवाइस से लर्निंग आउटकम को कैसे प्राप्त कर सकते हैं, स्कूल के समय सारणी में संपर्क डिवाइस का शामिल करना, साथ ही इसको टीएलएम के रूप में कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं एवं किस प्रकार के समय-समय पर अपडेट की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई।

## संपादकीय

# देश चाहता है कि बड़ा एक्शन होना चाहिए

जम्मू कश्मीर के पहलगाम से कुछ दूर बैसरन घाटी में देश भर से घूमने के लिए पहुंचे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने मंगलवार की दोपहर हमला किया और 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी। 26 पर्यटकों में देश के कई राज्यों के लोग हैं, इससे देश भर में आतंकवदियों की इस कायराना करतूत को लेकर बहुत नाराजगी है। देश के लोग नहीं चाहते हैं कि सरकार इस घटना की निंदा कर चुप हो जाए, देश के लोग चाहते हैं कि आतंकवादियों को इस हमले की ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि फिर कोई आतंकवादी समूह भारत में आतंकवाद फैलाने की सोच भी नहीं सके। देश के लोग एक्शन चाहते हैं। आतंकवादियों के इस हमले को पीएम मोदी ने गंभीरता से लिया है और कहा है कि इस घटना को अजांम देने वाले बचेंगे नहीं। अमित शाह तो कल ही जम्मू कश्मीर पहुंच गथे और पीएम मोदी ने अपना विदेश दौरा रद्द कर भारत लौट आए हैं और क्या एक्शन लिया जा सकता है, इसकी तैय्ररी के लिए बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। देश में इस घटना के विरोध में कई देशों का बयान आया है, सभी ने कहा है कि आतंकवाद के मामले मे वह भारत के साथ मजबूती से खड़े हैं। चीन का बयान अभी नहीं आया है, पाकिस्तान ने हमेशा की तरह कहा है कि इस हमले में पाकिस्तान को कोई हाथ नहीं है, इस बात पर दुनिया में शायद की कोई यकीन करेगा कि भारत में आतंकवादी हमला करें और उसके पीछे पाकिसान को हाथ न हो। भारत में जब भी आतंकवाद की कोई घटना होती है, उस घटना की जिम्मेदारी जो संगठन लेता है उसका लिंक पाकिस्तान के आतंकवादी सगंठन से रहता ही है। बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी लश्करे तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ ने ली है और लश्करे तैयबा पाकिस्तान का पाला पोसा हुआ आतंकवादी संगठन है। यह सब आतंकी बाहरी है, इसलिए माना जा रहा है कि इन्होंने पर्यटकों को निशाना बनाया है। आंकड़ों के मुताबिक इन दिनों सबसे ज्यादा पर्यटक पहलगाम जाना पसंद कर रहे थे , इसलिए बाहरी आतंकवादियों ने पर्यटकों को अपना निशाना बनाया। लोकल आतंकवादी जानते हैं कि पर्यटकों के आने से ही कश्मीर की अर्थव्यवस्था मजबूत रहती है तथा यहां को लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार इसीसे मिलता है इसलिए वह पर्यटकों को निशाना बनाया नहीं करते थे। यह भी संयोग है कि जब भी अमरीका से कोई बड़ा नेता भारत आता है तो पाकिस्तान समर्थित आतकवादी संगठन भारत में आतंकवादी वारदात करते है। बताया जाता है कि वह ऐसा वक्त इसलिए चुनते हैं क्योंकि जब अमरीका का कोई नेता भारत आता है तो भारत में पूरी दुनिया का मीडिया होता है और आतंकवाद की घटना की खबर पूरी दुनिया में पढ़ी जाती है और पाकिस्तान दुनिया को यह बताना चाहता है कि भारत दुनिया का मजबूत देश नहीं है,वह कमजोर देश है वह अपने देश के लोगों की रक्षा आतंकवादियों से नहीं कर पाता है।इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस सपरिवार भारत आए हैं और आतंकवादियों ने बड़ी आतंकवादी घटना को योजना बनाकर अजाम दिया है। एक आतंकवादी का महिला के पति को मारकर यह कहना कि तुमको इसलिए छोड़ रहा हूं ताकि तुम जाकर पीएम मोदी का बता सको कि यह काम हमने किया है। आतंकवादियों ने जिन लोगों को गोली मारी बताया जाता है कि उसके पहले उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि वह हिंदू है। जब यह साफ हो गया कि पर्यटक हिंदू है तो उेस गोली मार दी गई। यह भी देश के लोगों में नाराजगी पैदा करने का प्रयास है। इससे देश में सच में नाराजगी पैदा हुई है और पूरा देश चाहता है कि इस घटना को अंजाम देने वालों को मोदी सरकार को ऐसी सजा देनी चाहिए कि उनको एहसास हो सके कि उन्होंने बहुत बृड़ी गलती की है। इसके साथ ही पाकिस्तान को भी फिर से सबक सिखाने की जरूरत है। उसे याद दिलाने की जरूरत है कि भारत से पंगा लेने का मतलब क्या होता है। भारत से पंगा लेने के कारण ही आज उसकी बुरी हालत है। इसके बाद भी वह सुधर नहीं रहा है तो इसके लिए पाकिस्तान के नेताओं के साथ ही वहां सेना के अफसर भी दोषी है। हाल ही सेना के एक अफसर ने कश्मीर के मुद्दे को उठाया था और पाकिस्तानी लोगों को भड़काने और भारत के हिदुओं से अलग होने की बात कही थी। इसी आधार पर माना जा रहा है कि हमेशा की तरह पाकिस्तान ने इस बार भी आतंकवादियों को पहलगाम हमला करने भेजा जब अमरीकी उपराष्ट्रपति भारत आए हुए हैं। ऐसे समय में भारत आंतकवादी घटना होने से विश्व में संदेश जाता है कि देखों भारत आतंकवाद के खिलाफ बड़ी बड़ी बाते करता लेकिन वह ऐसी सुरक्षा व्यवस्था नहीं कर पाता है कि जब अमरीकी उपराष्ट्रपति भारत में हो तो भारत में कहीं भी आंतकवादी घटना न हो।यह पाक समर्थित आतकवादी समूह की कोई पहली बडी घटना नहीं है। वह जब भी मौका मिलता है ऐसी घटना को अजाम देने का प्रयास करता है। इससे पहले 21 मार्च 2000 को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा मे आतंकवादियों ने 36 सिखों को मार दिया था।अगस्त 2000 में नुनवान बेस कैंप पर आतंकवादी हमले में 32 लोग मारे गए थे। जुलाई 2001 में शेषनाग बेस कैंम्प में आतंकियों ने 13 लोगों को मारा था। एक अक्टूबर 2001 को श्रीनगर विधानमंडल परिसर में आत्मघाती हमला किया गया था इसमें इसमें 36 लोग मारे गए थे।2002 में चंदनबारी बेस कैंम्प में हमला कर 11 लोंगो को मार दिया था।23 नवंबर 2002 को लोअरमुंडा मे आईआईडी विस्फोट कर 9 सुरक्षा बल जवान, तीन महिला,दो बच्चों सहित 19 लोगों का मार दिया था।23 मार्च 2003 को पुलवामा जिले में 14 कश्मीर पंडितों की हत्या की थी।13 जून 2005 को पुलवामा के बाजार में कार में विस्फ्रोट कर 13 लोगों का मार दिया था।12 जून 2006 को कुलगाम आतंकी हमले में 9 मजदूरों को मार दिया था।10 जुलाई 2017 को कुलगाम में बस पर हमला कर 8 लोगों को मार दिया था।2019 को पुलवामा में आत्मघाती हमला कर 47 जवानों को मार दिया था। इस बार आतंकवादी हमले में देश के कई राज्यों के लोग मारे गए है, यह देश के लिए शोक का समय है। ऐसे समय में ऐसा बयान नहीं दिए जाने चाहिए जिससे देश के लोगों को बुरा लगे। यह वक्त देश के साथ एकजुट होकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने का है। यह वक्त सरकार की असफलता बताने का नहीं है । किसी एक आंतकवादी घटना से मोदी सरकार को कमजोर साबित नहीं किया जा सकता क्योंकि मोदी सरकार के कारण ही देश में कहीं आतंकवादी घटना नहीं होती है। जम्मू कश्मीर को छोड़ दिया जाए तो मोदी सरकार ने देश में आतंकवादी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसके बाद वह नक्सलवाद का सफाया करने का काम कर रही है। इसमें भी वह काफी हद तक सफल है। इस बात से कोई ईंकार नहीं किया जा सकता। जहां तक आतंकवादियों व पाकिस्तान को जवाब देने का सवाल है तो मोदी सरकार सही समय पर सही जवाब जरूर देगी। उसने जवाब दिया है, इसलिए देश को उम्मीद है कि इस बार कड़ा जवाब दिया जाएगा।

---

आतंकी हमला

# इस हैवानियत भरी बर्बरता को दफन करने की जरूरत !

**मनोज कुमार अग्रवाल**



एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए है, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोट्र्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियाँ बदली तारिखें बदली लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछ कर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है।

आपको बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना ?इस के पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रध्दालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जानकार बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। इससे पहले पहलगाम में क्योंकि कभी ऐसा हमला भी नहीं हुआ, ऐसे में ज्यादा फोर्स नहीं देखी गई। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे।

जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए।

कई रिपोट्र्स बता रहे हैं कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका क्योंकि जंगलों से घिरा हुआ है, ऐसे में आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। अभी के लिए पूरे इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चल रहा है, कल यानी कि बुधवार को एनआईए भी वहां जाने वाली है।



पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। अमरनाथ जाने के दो रास्ते रहते हैं, एक रास्ता पहलगाम से होते हुए जाता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मिरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है, ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं।जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। एक नजर दी गई टेबल पर डालनी चाहिए जिसे देख पता चलता है कि किस तरीके से सिविलियंस को भी आतंकियों ने अपने निशाने पर लिया है।हमले के बाद फरार हुए आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बल ने भी बड़ा अभियान छेड़ दिया है। कश्मीर में यह हमला उस समय हुआ, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर आए हैं। साल 2000 से अब तक जम्मू-कश्मीर में आतंकी कई बार पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीयों को अपना निशाना बना चुके हैं।आतंकवादियों ने 21 मार्च की रात को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा गांव में अल्पसंख्यक सिख समुदाय को निशाना बनाया, जिसमें 36 लोग मारे गए।अगस्त 2000 नुन्वान बेस कैंप पर हुए आतंकी हमले में दो दर्जन अमरनाथ तीर्थयात्रियों सहित 32 लोग मारे गए।जुलाई 2001 में 13 लोग मारे गए। अनंतनाग के शेषनाग बेस कैंप पर हुए इस आतंकी हमले में अमरनाथ यात्रियों को फिर से निशाना बनाया गया, जिसमें 13 लोग मारे गए।1 अक्टूबर 2001श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल परिसर पर आत्मघाती (फिदायीन) आतंकी हमला हुआ, जिसमें 36 लोग मारे गए।2002में चंदनवारी बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ और 11 अमरनाथ यात्री मारे गए।23 नवंबर, 2002 नौ सुरक्षाकर्मियोंजम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दक्षिण कश्मीर के लोअर मुंडा में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में नौ सुरक्षा बल कर्मियों, तीन महिलाओं और दो बच्चों सहित उन्नीस लोगों की जान चली गई।23 मार्च 2003 आतंकवादियों ने पुलवामा जिले के नंदीमार्ग गांव में 11 महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम 24 कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी।13 जून पुलवामा में एक सरकारी स्कूल के सामने भीड़भाड़ वाले बाजार में विस्फोटकों से लदी एक कार में विस्फोट होने से दो स्कूली बच्चों और तीन सीआरपीएफ अधिकारियों सहित तेरह नागरिक मारे गए और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। 12 जून 2006 कुलगाम में नौ नेपाली और बिहारी मजदूर मारे गए।10 जुलाई 2017 कुलगाम में अमरनाथ यात्रियों की बस पर हमला, 8 की मौत हो गई थी। बहरहाल इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया यह समूचे विश्व में शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके।जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

---

## राशिफल

**मेष** आज आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिल सकता है, उसके बाद परिवार में पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपको अपनी पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह-मशवरा करना होगा। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बेवजह लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। आपको घूमने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

**वृषभ** आज आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बड़ा बदलाव कर सकते हैं। आपका कोई सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे, जिससे आप कुछ काम को समय से पहले पूरा करके देंगे। आपकी अपने भाई व बहनों से खूब पटेगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी समस्या बढ़ सकती हैं। आप अपने किसी नए मकान और जमीन-जायदाद की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए किसी बात को लेकर सोच समझकर कोई निर्णय लेने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप आपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आप आ सकते हैं। आप जरूरत की आवश्यकताओं पर खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने भविष्य को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। जो आपके बिजनेस में आपकी मदद करेंगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके किसी काम के समय से पूरा न होने से मन परेशान रहेगा। छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कोई पुरानी समस्या उभरने से आपको टेंशन अधिक रहेगी। आप अपने बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र की आपको कोई बात बुरी लग सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी। यदि आपको कोई मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपकी किसी बात से माताजी नाराज हो सकती हैं, इसलिए आप वाणी के मधुरता बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको संतान के कोर्स को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर दूर करेंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आपको किसी बात को बड़ा नहीं करना है। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेगी। आपको किसी रुके हुए धन की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**तुला** आज के दिन आपके लिए पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें। आपको कार्यक्षेत्र में कोई निर्णय बहुत ही सोच समझ कर लेने की आवश्यकता है। पिताजी आपसे किसी बात को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आपकी कोई बात यदि गुप्त रखी थी, तो वह जीवनसाथी के सामने आ सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपको जीवनसाथी के साथ मिलकर अपनी संतान के लिए कुछ सरप्राइस प्लान कर सकते हैं। आपकी जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमें उन्हें अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको किसी की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को बिल्कुल ना लाएं। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोले। आपको अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपके किसी मित्र की सेहत में गिरावट आने से आपको उनके लिए कुछ रुपयों का इंतजाम भी करना पड़ सकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप यदि किसी संपत्ति का सौदा करें, तो बहुत ही देखभाल कर करें। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने नौकरी में प्रमोशन मिलने से प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका व्यवसाय में डूबा हुआ धन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे और आप अपनी संतान की जरूरतों की पूर्ति भी आसानी से कर पाएंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई उलझन हो, तो आप उस काम में बिल्कुल हाथ न बढ़ाएं। आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपकी कोई शारीरिक समस्या भी उभर सकती है और आपके बिजनेस में भी कोई नुकसान होने की संभावना है। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचाना होगा। आप कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लें, नहीं तो संतान से आपकी बेवजह की बहसबाजी होने की संभावना है। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं,

---

## पहलगाम आतंकी हमला



मानवता सनातनी का मुख रक्तिम हो होते तार-तार।
देवभूमि में मां वैष्णोभक्त के रक्ताक्षी रोते जार-जार।।
तू मनुष्यता के तन-मन पर विषमय डंक।
तू मनुष्यता के ज्योतिर्मय पथ का पंक।।
तू मनुष्यता के शशिमुख का कलुष कलंक।
तू मनुष्यता के विरुद्ध अपकर्म अशंक।।
तू अनक्षत्र तू अत्यचारी आतंकी अनंकुश।
तुझ पर शब्द भी हों लज्जित तू है अमर्श।।
सतयुग त्रेतायुग द्वापरयुग का दैत्य भी है लज्जा करता।
रे पापी दैत्यों का महादानव तुझपे हो कैसी कविता।
करुं करुण पुकार महाबली हनुमान से।
आतंकियों की लंका जला दें अपनी पूंछ से।।

**ए. मीनाक्षी राव**

---

व्यंग्य

## गुरुकुल से गूगल तक

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

सुबह-सुबह जब मोबाइल के अलार्म ने कर्कश आवाज में नींद को तोड़ा, तो सबसे पहले नजर एक मैसेज पर पड़ी झ्र बच्चे का भविष्य उज्ज्वल बनाइए, सिर्फ चार लाख रुपए में। इसे पढ़ते ही ऐसा लगा, जैसे भविष्य उज्ज्वल होने से पहले ही अंधकार में डूब गया हो। यही हाल हर सुबह के अखबार का होता है झ्र हर कोने में चमचमाते विज्ञापन, जैसे शिक्षा अब एक जादुई किट हो, जो खरीदी जा सकती है। गांव की पाठशाला में बैठकर मिट्टी के फर्श पर अपने भविष्य की कल्पना करने वाले बच्चे अब वातानुकूलित कक्षाओं में भी वही सपने देख रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि वहां पर गुरुजी होते थे और यहां फीस स्लिप। पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब वाला मुहावरा अब पढ़ोगे जितना, लगेगा उतना में तब्दील हो गया है। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो चुका है, जैसे ज्ञान भी अब ईएमआई पर मिल रहा हो। मालूम हुआ कि दिल्ली के एक नामी स्कूल ने यूनिफॉर्म डिजाइन के नाम पर बच्चों को फैशन शो का प्रतिभागी बना दिया। सवाल यह है कि विद्या का मंदिर क्या अब रैंप वॉक बन गया है? पुराने जमाने की सादा सफेद शर्ट और खाकी निकर आज ब्रांडेड टाई और स्मार्टफोन ऐप में सिमट गए हैं। शिक्षा के नाम पर यह व्यापार इतना जबरदस्त है कि माता-पिता अपनी महीने की सैलरी स्कूल की फीस भरने में ही गवां देते हैं। और इन स्कूलों के आयोजनों में बच्चे देश का भविष्य हैं कहने वाले वक्ता खुद के बच्चों को विदेश भेज चुके होते हैं। हाँ, यह वही लोग हैं, जो देशभक्ति का झंडा बुलंद करते समय किसी डिक्शनरी में नैतिकता को खोज रहे होते हैं। गांव के उस मास्टरजी का क्या हुआ, जिनके पढ़ाए बच्चे आईएएस, डॉक्टर और इंजीनियर बने? उनका संघर्ष और तपस्या क्या सिर्फ इसीलिए बेमानी हो गई, क्योंकि उन्होंने बच्चों से कभी आय के दस्तावेज नहीं मांगे? यही सोचते-सोचते एक सवाल आया झ्र आज शिक्षा का स्तर ऊंचा है या सिर्फ फीस की स्लिप भारी हो गई है? और फिर, शिक्षा के डिजिटल रूपांतरण ने तो सभी सीमाएं पार कर दी हैं। गुरु अब गूगल बन चुका है। छात्र प्रश्न पूछते नहीं, बल्कि सर्च करते हैं। स्कूल अब ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म बन चुके हैं, जहां टीचर की जगह एआई की स्मार्ट टेक्नोलॉजी बच्चों को पढ़ाती है। लेकिन क्या उस एआई में मास्टरजी की वह डांट है, जो बच्चों को सुधार देती थी? या वह प्यार, जो होमवर्क न करने पर भी चॉकलेट दे देता था? कहानी का यह अंत वही है, जो हर मिडिल क्लास माता-पिता की पीड़ा का होता है। उनके सपने बच्चे के स्कूल बैग के वजन तले दब जाते हैं, और वे सोचते हैं कि कहीं फीस भरने के चक्कर में उनके बच्चे का मासूम बचपन न छूट जाए। शिक्षा का बाजारीकरण आज की सबसे बड़ी विडंबना है। आखिरकार, विद्या को बेचना और खरीदना क्या इसे पवित्र रख सकता है?

---

पहलगाम का सच

# दुश्मन बाहर है, लड़ाई घर के भीतर

**प्रियंका सौरभ**



पहलगाम हमला जिहादी मानसिकता का परिणाम है। मोदी सरकार ने हमेशा आतंकवाद का मुँहतोड़ जवाब दिया है। राजनीतिक आलोचना आतंकवाद के असली स्रोत से ध्यान भटकाती है। जातियों में बंटा समाज आतंक से निपटने में अक्षम होगा। हमें आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।एक ओर भारत जातियों, उपजातियों, विचारधाराओं और आस्थाओं के नाम पर खुद को खंड-खंड कर रहा है, दूसरी ओर हमारे दुश्मन संगठित होकर हमारी एकता पर प्रहार कर रहे हैं। अभी-अभी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो आतंकवादी हमला हुआ, उसने फिर से हमें यह याद दिला दिया कि असली दुश्मन हमारे भीतर नहीं, सरहद पार बैठा है। यह हमला एक साज़िश नहीं, बल्कि जिहादी विचारधारा की वह रक्तरंजित अभिव्यक्ति है, जो बीते कई दशकों से भारत को खून में डुबोने की फिराक में है। इस हमले में निर्दोष नागरिक मारे गए, सुरक्षा बल घायल हुए, और एक बार फिर टीवी चैनलों पर वही पुराने दृश्य लौट आए–रोती हुई आंखें, खून से सना जमीन का टुकड़ा और राजनीतिक दलों की रस्मी प्रतिक्रियाएं। परंतु सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस बार भी कई बुद्धिजीवी, पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आक्षेप लगाने में जुट गए।

**यह कौन सी राजनीति है ?**-क्या हम उस मानसिक दिवालियापन की ओर बढ़ चुके हैं जहाँ दुश्मन की गोलियों पर चुप्पी और देश के नेतृत्व पर तीखी टिप्पणियाँ फैशन बन चुका है? एक सवाल पूछना आवश्यक है–क्या मोदी आतंकवादियों को न्योता देकर पहलगाम लाए थे? क्या प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने ऐसे हमलों को प्रोत्साहन दिया? दरअसल, नरेंद्र मोदी वही प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पाकिस्तान की जमीन पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर भारत की नई सैन्य नीति की घोषणा की। यह वह प्रधानमंत्री हैं जिनकी सरकार ने सेना को खुली छूट दी–रगोली का जवाब गोली सेर सिर्फ नारा नहीं, रणनीति बन गई।

**राजनीतिक इच्छाशक्ति और सुरक्षा दृष्टिकोण**-2016 में उरी हमले के बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक, और 2019 में पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक ने यह



सिद्ध किया कि भारत अब केवल माफी मांगने वाला देश नहीं, जवाब देने वाला देश बन चुका है। ये कार्रवाइयाँ केवल सैन्य कौशल नहीं, राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण थीं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की आतंकवाद के खिलाफ नीति को समर्थन मिला। हाल ही में 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित करवाना भी इसी सरकार की कूटनीतिक जीत है। पाकिस्तान, जो पहले भारत को आंखें दिखाता था, आज आर्थिक दिवालियेपन के कगार पर खड़ा है और वैश्विक मंचों पर गिड़गिड़ा रहा है। यह सब आकस्मिक नहीं हुआ। यह एक सुविचारित रणनीति, स्पष्ट लक्ष्य और कड़े फैसलों का परिणाम है।

**लेकिन आलोचना फिर भी क्यों?**-एक बड़ा वर्ग जो ह्यसेकुलरिज्मह्न के नाम पर हर जिहादी हमले के बाद मौन साध लेता है, वह मोदी सरकार पर हमलावर हो जाता है। उसके लिए आतंकवादियों का मजहब छिपाना जरूरी है, लेकिन सरकार को कठघरे में खड़ा करना भी जरूरी। इस विचारधारा को समझना होगा कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता, लेकिन उसकी जड़ें किसी विचार में होती हैं। और उस विचार को नाम देने से डरना आत्महत्या के बराबर है। 1400 साल पुरानी एक किताब को हथियार बनाकर जो लोग काफि रों के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए हैं, वे किसी भी धर्म का अपमान कर रहे हैं। यह जिहाद ह्यआस्थाह्न नहीं, सत्ता की राजनीति है। और उसे केवल सेना नहीं, समाज को भी पहचानना और खारिज करना होगा।

**जातियों में बंटा समाज, आतंक से अनजान देश**-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ओर हमारे युवा सोशल मीडिया पर रील्स और जातिवाद के बहसों में व्यस्त हैं, दूसरी ओर सीमा पर हमारे जवान आतंक की गोली से जूझ रहे हैं। एक तरफ ह्यजाति पूछकर नौकरीह्न, ह्यधर्म पूछकर रोटीह्न की बहसें हैं, तो दूसरी तरफ आतंकवादी धर्म पूछकर गोली चला रहे हैं। यह विडंबना नहीं, चेतावनी है। आज हमें तय करना है कि हम किसके साथ खड़े हैं–उनके, जो इस देश को टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं, या उनके जो हर हमले का जवाब देने का साहस रखते हैं?

**मोदी नहीं, मानसिकता दोषी है**-आतंकवादी हमले के लिए मोदी को कोसना वैसा ही है जैसे डॉक्टर की सर्जरी से पहले ही उसे मरीज की मौत का दोषी ठहरा देना। सच्चाई यह है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार है वह जिहादी मानसिकता, वह पाकिस्तान जो आतंक को पालता है, और वह वैश्विक मौन जो इस विचारधारा पर चुप्पी साधे हुए है। मोदी ने न सिर्फ जवाब दिया है, बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं को पाताल से भी निकालने की शपथ ली है। उनकी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड यही कहता है। तो क्या अब हमें एकजुट होकर आतंक के खिलाफ खड़ा नहीं होना चाहिए?

**एकजुट भारत ही समाधान है**-पहलगाम का हमला हमें एक बार फिर झकझोर गया है। यह पहला हमला नहीं है, और शायद आखिरी भी नहीं। लेकिन अगर हम अब भी नहीं जागे, अगर हम अब भी आपस में लड़ते रहे, तो दुश्मन की जीत सुनिश्चित है। हमें एक ऐसे भारत की आवश्यकता है जो जातियों, धर्मों और मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद को पहचान सके और उसका सामना कर सके। राजनीतिक मतभेद रखें, लेकिन राष्ट्रीय मुद्दों पर एकजुट रहें। आलोचना करें, पर लक्ष्य सही चुनें। आतंकवादी की गोलियों पर चुप्पी और प्रधानमंत्री पर शोर–यह आत्मघात है। पहलगाम हमला हमारे लिए एक चेतावनी है–अगर अब भी हम नहीं जागे, तो अगला निशाना कोई और नहीं, हम स्वयं होंगे। और तब शायद हमें यह कहने का भी वक्त न मिले कि रकाश हमने समय रहते सही दुश्मन पहचाना होता।

## एक नजर

### बीएससी, एमएससी एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां तय

**सुकमा, 23 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ व्यापम, नवा द्वारा संचालक चिकित्सा शिक्षा के माध्यम शैक्षणिक सत्र 2025 में बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन हेतु व्यापम द्वारा परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन देने हेतु संभावित परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।इच्छुक अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिसमें ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि प्रारंभ हो चुकी है। अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2025 (शुक्रवार) साय 5:00 बजे तक, त्रुटि सुधार 26 अप्रैल 2025 में 28 अप्रैल .2025 सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में बी.एस.सी. नर्सिंग (संभावित परीक्षा तिथि एवं समय 29 मई 2025 (गुरुवार) पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक, परीक्षा केन्द्र 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा। एम.एस.सी. नर्सिंग (संभावित परीक्षा तिथि एवं समय 05 जून 2025 गुरुवार पूर्वान्ह 10:00 में 12:15 बजे तक, परीक्षा केन्द्र बिलासपुर एवं रायपुर आयोजित किया जाएगा।

### गंगलेर में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 23 अप्रैल ।** अनुभाग कोंटा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंगलेर की शासकीय उचित मूल्य दुकान जो कि ग्राम पंचायत द्वारा संचालित है उसके सरपंच द्वारा 17 अप्रैल 2025 को आवेदन प्रस्तुत कर शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन करने में असमर्थता व्यक्त की है चूंकि ग्राम पंचायत के सचिव के पास 02 ग्राम पंचायतों का प्रभार है एवं दोनो पंचायतों के बीच की दूरी लगभग 50 किलो मीटर है। शासकीय उचित मूल्य दुकान गंगलेर आई डी 612010013 के संचालन हेतु नवीन संचालन एजेंसियों हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। उचित मूल्य दुकान की आबंटन प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के अधीन की जाएगी। पात्र नवीन संचालन एजेंसियां 8 दिवस के भीतर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ-साथ संस्था का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति, संस्था के बैंक एकाऊंट की प्रति. संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव के आधार की प्रति एवं संस्था का कार्यवाही विवरण जिसमें उनके द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु सहमति दी हो। विस्तृत जानकारी हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### हम आ रहे आपके दुआर आपके आवास के सपने को पूरा करने



**सुकमा, 23 अप्रैल ।** जनपद पंचायत अध्यक्ष उसूर सुश्री पूर्णिमा तेलम ने ग्रामीणों के बीच जा कर छूटे हुए पात्र हितग्राही का मोर दुआर साय सरकार अंतर्गत चल रहे सर्वे में पात्र हितग्राहियों का सर्वे किया साथ आवास प्लस सर्वे में सभी से भाग लेने की अपील करते हुए आवास के महत्व को समझाया। जनपद अध्यक्ष ने कहा की सर्वे बार बार नही होता प्रत्येक सर्वे के लगभग 8 से 10 वर्ष का समय लग जाता है इसलिए कोई भी गरीब भाई बहन आवास से वंचित नही रहे है ।जो परिवार गांव में नही है उन्हे भी बुलवाया जा रहा है हमारा उद्देश्य है की प्रत्येक गांव में शतप्रतिशत सर्वे हो ।

### माओवादियों के शहरी नेटवर्क पर कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**सुकमा, 23 अप्रैल ।** विस्फोटक सप्लायर 3 लोगो को अलग अलग धाराओ के तहत सुनाई गई सजा एनआईए कोर्ट जगदलपुर ने सुनाया फैसला कोंटा इलाके में 8 मार्च 2023 को पकड़े गए थे 3 आरोपीयो पर 22 गवाहों की गवाही और दस्तावेजों को आधार बनाकर दिया फैसला कुल 4 लोगो मे 1 को किया दोषमुक्त 3 लोगो को सुनाया 7-7 वर्ष का कठोर कारावास।

# राज्य में सुशासन की पोल खोलता है स्वास्थ्य विभाग:तुलिका कर्मा

- औचक निरीक्षण पर कटेकल्याण ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र पहुँची तुलिका कर्मा
- कटेकल्याण में स्वास्थ्य विभाग खुद वेंटीलेटर पर है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 23 अप्रैल।** अपने जिला पंचायत क्षेत्र एवं कटेकल्याण ब्लॉक मुख्यालय में अचौक निरीक्षण पर पहुँची पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने जब स्वास्थ केंद्र की हालत देखी तो बस यही नज़ारा समझ आया कि सुशासन के इस कथित दौर में तो स्वास्थ विभाग ही वेंटिलेटर पर है । स्वास्थ विभाग की ऐसी हालत मानो मरीज़ डॉक्टर का नही बल्कि यमराज के इंतज़ार में बैठा हो । और इलाज करवाने की विवशता ऐसी की प्रसव तक के लिए अस्पताल में महिला डॉक्टर का प्रबंध नही बल्कि नर्स एवं पुरुष डॉक्टर के भरोसे हो रहा है प्रसव । बीमार पड़े मरीज़ों को बिस्तर तो दे दिया पर उनमें न चादर स्वच्छ है न तकिए,देखने पर मालूम पड़ा कि यहां तो कही तकियों से ही मरीजों को संक्रमण न फैल जाए ।

निरीक्षण पर जब तुलिका कर्मा ने यह नजारा देख कर अस्साल कर्मचारियों पर भड़क उठी तो ब्लॉक मेडिकल अफसर भागते हुए पहुँचे और आश्वासन का पिटारा खोलने लगे जिस पर जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने दो टूक जवाब दिया कि जनता को आश्वासन नहीं बल्कि सुविधाएं चाहिए । तुलिका ने सीधा कहा कि सीएमएचओ को बताइए कि अपने एसी कमरे में बैठ के जिले के स्वास्थ विभाग का संचालन करें बल्कि क्षेत्र में जाकर व्यवस्थाओं का जायज़ा ले । अपने निरीक्षण के बाद तुलिका ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यह जिले में यही कटेकल्याण ब्लॉक का एनआरसी कक्ष जिसका बखान कर के जिला प्रशासन वाहवाहि लूट रहा पर धरातल पर अलग ही नजारा है । यहाँ धरातल पर अगर देखे तो अस्साल में न तो कोई वार्ड बॉय न ही डॉक्टर्स पूर्णरूप से उपलब्ध है । मरीज़ों को भी एम्बुलेंस से उतर कर खुद ही बिस्तर तक जाना पड़ता है । खिड़कियों की स्तिथि ऐसी है कि या तो पूरा बंद है या खुलते ही नही है । तुलिका ने सीधा कहा कि अगर ब्लॉक मुख्यालयों में स्वास्थ्य विभाग का ऐसा हाल है तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में क्या हाल होगा । तुलिका ने कहा अगर समय रहते इन सब खामियों को दूर नही किया गया तो वे स्वयं स्वास्थ मंत्री से जाकर सीएमएचओ के इस्तीफे की मांग करेंगी ।

## दैवेभो कर्मियों ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

### एक दिनी हड़ताल पर रहे कर्मचारी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 23 अप्रैल।** जिले के चतुर्थ श्रेणी व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। धरना देने के बाद कर्मचारियों ने कलेक्टरेट तक रैली निकाली। इसके बाद । सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। संघ के संभाग अध्यक्ष सनकू कर्मा के मुताबिक । सूत्रीय मांगों में समस्त विभाग में जहां नियमित / कार्यमारित आकस्मिकता निधि स्थापना में पद रिक्त है, उन रिक्त पदों पर कलेक्टर दर/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वरिष्ठताक्रम में संविलियन करते हुए नियमित करने, जाए नियमित वेतनमान दिया जाए।

रिक्त पदों के अभाव में शेष कलेक्टर दर- दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उनके वर्तमान कलेक्टर दर वेतन एवं 4000 रूपये श्रम सम्मान निधि राशि दोनों को मिलाकर मूल वेतन घोषित करते हुए उसमें 53 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जोड़ा जाकर उन्हें नियमित वेतनमान देने, सभी कर्मचारियों की सेवा शर्त तय करने, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग का ग्रेड वेतन बढ़ाकर 1800-1900-2200 देने एवं 2400 बढ़ोतरी करने, कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना में संविलियिन करने, चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग, भू अभिलेख, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों में कार्यरत योग्यताधारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति देने, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत शिक्षा विभागीय संचालित हाईसकूल - हायर सेकेंड्री स्कूलों में सहायक ग्रेड-3 का पद स्वीकृत करते हुए विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहा. ग्रेड-3 के पदों पर पदोन्नति का लाभ देने,आश्रम छात्रावासों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी/कलेक्टर दर के कर्मचारियों को पिछले 08 महीने का वेतन शीघ्र देने की मांगें शामिल हैं।

### कृषि विभाग ने कमीशन के लिए अनुपयोगी सामग्री की खरीदी की : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा की गई सुशासन के हर दावे का पोल सरकारी अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण से खुल रहा है।

पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में कृषि विभाग के कई कारनामे सामने आ रहे हैं। महासमुन्द कृषि विभाग का एक और भ्रष्टाचार एल.आर.पी. से भी ऑनलाइन रूपये लिये जाने की शिकायत आ रही है। इससे प्रशासनिक शून्यता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। जिले के प्रायः प्रत्येक विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम जनता की फरियाद अधिकारी तवज्जो नहीं दे रहे है, कृषि विभाग महासमुन्द में किये गये भ्रष्टाचार की पोल परत दर परत खुल रही है। किसानों के साथ विभाग द्वारा घोर अन्याय किया जा रहा है। यहां तक की संचालक कृषि विभाग के आदेशों को भी धता बताकर उप संचालक द्वारा मनमाने तरीके से नियम प्रक्रिया को दरकिनार करते हुये चहेते ठेकेदारों से सामग्री क्रय की जा रही हैं, जो किसानों के उपयोग के हैं ही नहीं। यहां तक की वितरण भी नहीं किया गया है।

चंद्राकर ने का कि परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत कलस्टर का चयन किया जाता है, एक कलस्टर में एक एल.आर.पी. को देखरेख एवं योजना के संबंध में किसानों को अवगत कराने के लिये विभाग द्वारा रखा जाता है। जिसे एक वित्तीय वर्ष में राशि 50 हजार रूपये एकमुश्त दिया जाता है। जिससे ये सालभर इसी राशि को योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यय करते हैं।

## महीनों से पैसेंजर एवं नाइट एक्सप्रेस को बंद करके मालगाड़ी की आवाजाही को बढ़ाया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 23 अप्रैल।** लौह नगरी किरंदुल का रेलवे स्टेशन इस रेलवे जोन का सबसे ज़्यादा कमाई करने वाला स्टेशन हैं, ज्ञात हो कि किरंदुल बचेली क्षेत्र में एनमडीसी कि लौह अयस्क कि खदाने होने के कारण इनकी ढूलाई से रेलवे को जोन में सबसे ज़्यादा कमाई करके किरंदुल एवं बचेली का स्टेशन देता हैं उसके बाद भी यहाँ के नागरिकों एवं रेलवे के कर्मचारियों के लिए रेलवे द्वारा कोई भी सुविधा नहीं दी जाती हैं।

ज्ञात हो कि किरंदुल से विशाखापट्नम के लिए 2 पेसेंजर ट्रेने संचालित होती हैं जिससे दक्षिण भारत कि तरफ जाने वाले तथा ओड़िसा और बंगाल कि तरफ जाने वाले यात्रीयों के लिए एकमात्र सहारा हैं जिसे वक्त बेवक्त रेलवे द्वारा कोई भी बहाना बनाकर किरंदुल तक कि सेवा को बंद कर दिया जाता हैं फिर ट्रेने जगदलपुर तक ही आती हैं और बहुत ज़्यादा मेहरबानी हुई तो दंतेवाड़ा तक ही ट्रेनों को संचालित किया जाता हैं, दूसरी तरफ मालगाड़ी लगातार किरंदुल और बचेली से माल ढ़ोते रहती हैं और नित्य उत्पादन के नये आयाम छूने में एनमडीसी कि मदद करती हैं। महत्वपूर्ण बता ये हैं कि ये पेसेंजर ट्रेने बचेली और किरंदुल के मरीज़ो के लिए भी जीवन दायनी हैं, जितने भी मरीज़ो को रेफर किया जाता हैं वो रेल मार्ग द्वारा ही विशाखापट्नम जाना पसंद करते हैं, इन ट्रेनों के बंद होने से सबसे ज़्यादा नुकसान मरीज़ो को ही उठाना पड़ रहा हैं, बात करने पर् रेलवे हमेशा सुरक्षा का हवाला देकर ट्रेनों को बंद किया जाना बताता हैं वही मालगाड़ी के लिए कोई बहाना नहीं हैं, बल्कि पहले से ज़्यादा तादाद में माल धोया जा रहा हैं।पहले कहा जाता था कि डबल लाइन बिछने के बाद जगदलपुर तक आने वाली सारी ट्रेनों को किरंदुल तक बढ़ा दिया जाएगा मगर हो इसका उल्टा रहा हैं जो ट्रेने चलती थीं उनको भी दंतेवाड़ा में रोका जा रहा हैं,लाइन एक्सटेंशन के कार्य के साथ स्टेशन और प्लेटफार्म को भी बढ़ाया जा रहा हैं मगर बिना ट्रेनों के ये स्टेशन और प्लेटफार्म किस काम के हैं ?उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने किरंदुल-श्रह रेलवे से मांग कि हैं कि फ़ौरी तौर पे बिना किसी हील हवाले के पेसेंजर ट्रेन को शुरू किया जाये अन्यथा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा,

## प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर



**सुकमा, 23 अप्रैल ।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए।कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में (8 से 11 अप्रैल 2025) जिले में 45 हजार 288 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है। प्रत्येक आवेदन हमारे लिए एक जिम्मेदारी है।अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। बता दें यह तिहार शासन की जनहित में त्वरित कार्यवाही की नीति को मूर्त रूप प्रदान करता है।

## पीएचई विभाग जिले के गांवों में निरीक्षण कर बिगड़े हैंडपंपों की मरम्मत करवा रहा



**कांकेर 23 अप्रैल ।** विशेष अभियान का तहत भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। पीएचई विभाग की टीमें पानी के स्रोतों की जांच कर रही हैं और बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से जारी है। इसी कड़ी में गत दिवस ग्राम घोटिया, मैनपुर, कोटगांव(नीचे) और चिनौरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं का विभागीय टीमों ने जायजा लिया। इस दौरान सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से ग्रामीणों को बचाया जा सके। पीएचई विभाग ने मरम्मत योग्य हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जल संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

## गादीरास और सुकमा तहसील में बी-1 और किसान किताब का वितरण



**सुकमा,23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के द्वारा जिले के सभी ग्रामों में राजस्व संबंधी सभी कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुकमा और गादीरास तहसील के गांव में 17 ग्रामीणों को अपडेटेड बी-1 और किसान किताब का वितरण किया गया। ग्राम के सभी खातेदारों को भूमि संबंधी दस्तावेज बी1 (किश्तबन्दी खतौनी आसामीवार), खसरे का निःशुल्क वितरण हल्का पटवारी के माध्यम से किया गया। ऐसे भूमिस्वामियों को जिनके पास किसान किताब नहीं हैं उन्हें चिन्हित कर तत्काल किसान किताब प्रदान किया जा रहा है। सभी ग्रामों में हल्का पटवारियों के द्वारा बी1 का वाचन भी किया जा रहा है एवं मृत खातेदारों के स्थान पर उनके विधिक वरिसानों का नाम जोड़ने हेतु फौती-नामांतरण के आवेदन पत्र मौके पर ही लिया जा रहा है। परिजनों द्वारा आपसी सहमति के आधार पर बंटवारा की माँग किये जाने पर बँटवारा हेतु आवेदन लिया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पंचायतों में लिए जा रहे हैं। कृषि विभाग और अन्य संबंधित विभागों के द्वारा एग्रीस्टेक फार्मर आईडी, किसान किताब और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा स्वयं राजस्व विभाग के कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## बच्चों ने क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त की पेड़ों की जानकारी



**सुकमा,23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन मुख्य के मार्गदर्शन में इको-क्लब फार मिशन लाईफ पृथ्वी दिवस सप्ताह अंतर्गत 22 अप्रैल को नोडल अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा डॉ परमानंद साहू एवं प्राचार्य शा.उ.मा.वि.सुकमा श्री पी.अनिल कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में विचार-गोष्ठी सह-विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ साहू ने आओ पर्यावरण बचाये और धरती मां का कर्ज चुकाए विषय पर अपनी राय व्यक्त की। कार्यक्रम में श्री पी अनिल कुमार ने पृथ्वी की सुरक्षा एवं पर्यावरण जागरूकता के बारे में बताया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में संयुक्त रूप से पृथ्वी दिवस के अवसर पर पीएमश्री स्कूल, बॉयज़ हिंदी मीडियम स्कूल में ÷मिशन लाइफ÷ कार्यक्रम के अंतर्गत इको क्लब द्वारा एक विशेष तकनीकी गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें बच्चों ने त्त्क्र कोड के माध्यम से विभिन्न प्रकार के पेड़ों की जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर एपीसी समग्र शिक्षा श्री सीताराम सिंह राणा, गौरव सिंह आई.टी. एक्सपर्ट, स्वाति सिंह न्यूमेरेसी एक्सपर्ट, अनिता नागे प्रभारी ईको क्लब, अनिल कुमार मेश्राम प्र.अ. सहित विद्यालय के शिक्षक एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे ।

## कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया पोषण पखवाड़ा सह पृथ्वी दिवस



**सुकमा,23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच एस तोमर के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा द्वारा पीएम श्रीसेजेस हिंदी माध्यम शास. बालक उच्च माध्य. विद्या. कुम्हाररास (सुकमा) में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत %जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री पी अनिल कुमार, प्राचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधान पाठक श्री अनिल मेश्राम ने मानव जनजीवन तथा स्वास्थ्य में पोषण के महत्त्व को बताते हुए किया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से श्री सीताराम राणा जी एवं श्री गौरवसिंह जी तथा कृषि विज्ञान केंद्र से श्रीमती मयूरी ठाकुर, प्रक्षेत्र प्रबंधक एवं परमेश सिंह सोरी उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ परमानंद साहू ने राज्य में एनीमिया से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों की बढ़ती जनसंख्या एवं इस समस्या के रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। इसी तारतम्य मेंयहां की हेल्थ केयर शिक्षिका, श्रीमती कविता साहू ने बताया कि एनीमिया एक रक्त विकार है जिसके कारण थकान, कमजोरी, और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है और यह बच्चों के विकास और सीखने की क्षमता पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होने बच्चों को पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी ताकि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाया जा सके। जन सामान्य में सुपोषण के प्रतिजागरूकता लाने के लिए उन्हें हरी साग सब्जी प्रोटीन युक्त तिरंगा भोजन के बारे में बताया गया। इसकार्यक्रम के माध्यम से पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करने के लिए गर्भावस्था के दौरान जीवन में पोषण की प्राथमिकता को ध्यान देने कहा गया। विभिन्न प्रकार के सब्जियां फल एवं अनाज में मिलने वाले विभिन्न उपयोगों पौष्टिक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं व बच्चों सहित 42 लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पंचायती पंचायती राज दिवस 24 को



**सुकमा,23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने इस संबंध में आदेश जारी कर ग्रामसभा में गणपूर्ति करने की जिम्मेदारी पंच, सरपंच और सचिव को सौंपी है। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के राष्ट्रीय समारोह में शामिल होकर देश भर की पंचायतों को संबोधित किया जाना संभावित है। साथ ही इस अवसर पर राज्य स्तर से भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना संभावित है। तत्संबंध में सभी जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कर पंचायती राज दिवस मनाया जाएगा। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा एवं प्रधानमंत्री के संबोधन का लाईव प्रसारण किया जाएगा। जिले में चिन्हांकित अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया जाएगा।

## एक नजर

### सुशासन तिहार में सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए

**महासमुंद 23 अप्रैल।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में ÷मोर दुआर साय सरकार÷, ÷आवास प्लस 2.0÷, ÷सुशासन तिहार÷, ÷पीएम जनमन योजना÷, धान उठाव सहित विभिन्न अभियान शामिल रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम सरायपाली श्रीमती नम्रता चौबे, एसडीएम महासमुंद श्री हरिशंकर पैकरा, एसडीएम बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, श्री आशीष कर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने मोर दुआर-साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आवास योजना से वंचित पात्र ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित करना है। श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि संबंधित पोर्टल पर आज शाम अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग विशेष टीम बनाकर आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित समाधान और योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

साथ ही कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी सीईओ को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस (24 अप्रैल) के अवसर पर जिले के पांचों विकासखंड की चयनित 60 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों एवं वीएलई द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की सूची केंद्रों पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही दी जाने वाली सेवाओं का मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर सतत कार्रवाई हो रही



**महासमुंद 23 अप्रैल।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक ग्राम पंचायत गढ़सिवनी, महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक हाईवा (वाहन क्रमांक ब्ळ 09 श्रत् 2999 जिसे युवराज ठाकुर द्वारा चला रहा था, को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं दो चैन माउंटेन मशीन को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। तीनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा।पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज आंधी से भोपालपटनम क्षेत्र के अनेक घरों की छत उड़ गई और विद्युत सेवा भी बाधित रही







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 23 अप्रैल।** भोपालपटनम क्षेत्र में मंगलवार की.शाम को अचानक मौसम के बदलने से आंधी तूफान ने अपना कहर बरपाया इस सिथति के कारण. जन मानस को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है मिली जानकारी के अनुसार भोपाल पटनम क्षेत्र के.तिमेड और रामपुरम ग्राम में आई आंधी तूफान से अनेक घरों के छत में लगे सीट उड़ गए है कुछ लोगों को चोट लगने की भी खबर है आंधी तूफान के बाद संबंधित पंचायतो के सरपंच मौके पर पहुंचे और सिथति का अवलोकन किया तथा इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी है क्षेत्र में कुछ समय के लिए विधुत सेवा भी बाधित रही भीषण गर्मी के चलते ऐसी सिथति से आम जन मानस को काफी परेशानियां हुई है कितने मकानों घरों को को क्षति पहुंची है यह पटवारी रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा । इस आंधी तूफान का असर बीजापुर में भी हुआ है बताया गया है कि बीजापुर के आसपास कुछ गांव मे भी लोगों के घरों के छत उड़ गए है।

## मुठभेड़ में 3 लाख का इनामी गुण्डीपुरी आरपीसी का मिलिशिया प्लाटून कमांडर वेल्ला वाचम ढेर,अम्बेली ब्लास्ट में था शामिल

**बीजापुर, 23 अप्रैल।** जिला बीजापुर के थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत केरपे - तोड़समपारा के जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना बेदरे एवं छसबल 7वी वाहिनी ई कंपनी कैंप नुगुर का संयुक्त बल माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शाम 05.30 बजे के आसपास केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य पूर्व से घात लगाये बैठे माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्यवाही में 01 माओवादी मारा गया। मुठभेड़ स्थल से 01 नग 315 बोर ऋद्धद्धद्यद्द, पोच, विस्फोटक एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ।पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत केरपे-तोड़समपारा जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना बेदरे एवं ष्ट्रस्न 9/श्व ष्टश्4 की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।अभियान के दौरान दिनांक 21/04/2025 के शाम 05.30 बजे के आसपास केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।मुठभेड़ में 03 लाख रूपये का ईनामी गुण्डीपुरी आरपीसी का मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर वेल्ला वाचम मारा गया।मुठभेड़ स्थल से 01 नग 315 बोर ऋद्धद्धद्यद्द, राउंड, पोच,



विस्फोटक, एवं माओवादी सामग्री बरामद हुआ।पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि जिला बीजापुर के थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत केरपे- तोड़समपारा के जंगल पहाड़ में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना बेदरे एवं ष्ट्रस्न 9/श्व ष्टश्4 की संयुक्त टीम माओवादियों के विरूद्ध अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षा बलो की कार्यवाही में 01 हार्डकोर माओवादी को सुरक्षा बलो ने मार गिराया। मौके से 01 नग 315 बोर ऋद्धद्धद्यद्द, राउंड, पोच, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद किया गया है। वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी जिला बीजापुर अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप जिला बीजापुर में विगत 112 दिनों में कुल 87 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। वही अलग अलग थाना क्षेत्रों से 213 माओवादियो को गिरफ्तार करने मे सुरक्षा बलो को सफलता मिली एवं 179 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 112 दिनों में कुल 125 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात DRG/STF/CoBRA/CRPF/BSF/ITBP/CAF/ Bastar Fighters & अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी ने ली डीजे संचालकों की बैठक

**महासमुंद 23 अप्रैल।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री हरिशंकर पैकरा ने डीजे संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में ध्वनि प्रदूषण और नियमों के माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन को लेकर निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि व्हीकल माउंटेन डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है। बिना किसी सक्षम आदेश के चलाए जाने पर राजसात की कार्रवाई की जाएगी।अनुविभागीय अधिकारी ने सभी संचालकों को उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोलाहल नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने डीजे की आवाज की सीमा और अनुमति संबंधी नियमों को स्पष्ट किया। संचालकों को यह भी बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संतुलित ध्वनि स्तर बनाए रखना आवश्यक है। इस बैठक के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएंगे और उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत भैरमगढ़ में चलाया जा रहा आवास प्लस सर्वे



**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत भैरमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर साहू ने मोर दुआर साय सरकार अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों के बीच पहुँचकर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को आवास प्लस सर्वे में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी गरीब भाई-बहन पक्के आवास के अधिकार से वंचित न रहे।सीईओ साहू ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को सर्वे की महत्ता समझाई और कहा कि यह सर्वे एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो हर 8 से 10 वर्षों में एक बार होता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सभी पात्र परिवार इसमें भाग लें और अपने पक्के आवास का सपना साकार करें।उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई है, जो लगातार फील्ड में जाकर सर्वे की निगरानी कर रही है। जो लोग फिलहाल गांव में मौजूद नहीं हैं, उन्हें भी बुलवाया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र परिवार इस योजना से वंचित न रहे।सीईओ ने आवास के सामाजिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पक्का मकान केवल एक भवन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सुरक्षा और सामाजिक विकास का प्रतीक है।सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव में शत-प्रतिशत सर्वे किया जाए और सभी पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिले।

## 9 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप, 18 वर्ष से अधिक के आवेदकों के लिए सुनहरा अवसर

**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरुष अभ्यर्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। जिला रोजगार कार्यालय बीजापुर के माध्यम से Hitachi Cash Management Service Pvt. Ltd. में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैंप में कुल 09 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें एटीएम ऑपरेटर एवं सीआईटी बाइकर के पद शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को बीजापुर, दंतेवाड़ा, भोपालपटनम, भैरमगढ़ एवं बचेली जैसे कार्य क्षेत्रों में नियुक्त किया जाएगा।

अपने शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और सभी दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि को प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित हो सकते हैं। आवेदन-पत्र स्थल पर ही निःशुल्क भरा जाएगा।

जिला प्रशासन ने रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने हेतु अधिक से अधिक योग्य युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अवसर प्राप्त करें।

## बीजापुर से बिलासपुर चलने वाली राजधानी बस सेवा का परमिट रद्द किया जाये :विक्रम मंडावी




**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने सचिव राज्य परिवहन प्राधिकार को पत्र लिखते हुए कहा है कि बिलासपुर से बीजापुर चलने वाली बस का परमीट रद्द किया जाये आरोप है कि बिलासपुर से.बीजापुर आ रहे यात्री. तीन महिलाएं सहित एक मासूम बच्चे को टिकट होने के बावजूद उन यात्रियों को जबरन रायपुर मे उतार दिया गया. विक्रम मंडावी ने आगे लिखा कि बस मे सफर कर रहे यात्रियों के साथ प्रायः बदसलूकी किया जाता है तथा निर्धारित. दर से अधिक. किराया लिया जाता है ऐसी सिथति से यात्रियों को काफी परेशानीयो का सामना करना पडता है तथा उनमे रोष व्याप्त है अतः बिलासपुर से बीजापुर चलने वाली राजधानी बस का परमीट रद्द किया जाये। पत्र की प्रतिलिपि बस्तर कमिश्नर सहित कलैक्टर बीजापुर को भी आवश्यक कार्य वाही हेतु भेजी है ।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जन सामान्य की समस्याएं



**रायगढ़, 23 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज सृजन सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले भर के पहुंचे लोगों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर द्वय श्री रवि राही, श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रायगढ़ मौदाहापारा निवासी मंगल सिंह श्रम विभाग द्वारा संचालित नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत अपनी बेटी को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग को लेकर पहुंचे। उन्हें बताया कि उनकी बेटी को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल रायपुर से आर्थिक सहायता राशि हेतु नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत किए जाने का प्रावधान है। जिसके लिए उन्होंने सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली है, लेकिन अब तक उनकी बेटी को उक्त योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर श्री गोयल ने श्रम विभाग को उक्त आवेदक के जांच करने एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रायगढ़ निवासी श्री रामप्रवेश ईलाज हेतु आर्थिक सहायता एवं बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की मांग आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत होती है एवं आर्थिक स्थिति दयनीय है। उन्होंने ईलाज एवं भरण-पोषण हेतु आर्थिक सहायता हेतु निवेदन किया। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन के निराकरण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। बरलिया निवासी श्री पीलाराम पटवारी सीमांकन न करने की शिकायत आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी स्वामित्व की भूमि ग्राम बरलिया में स्थित है, जिसके सीमांकन की सही जानकारी प्राप्त करने उनके द्वारा तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके पश्चात तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी को सीमांकन हेतु आदेशित किया था, लेकिन आज पर्यंत तक सीमांकन का कार्य नहीं किया गया है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भूमि के सीमांकन करवाने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन के निराकरण हेतु तहसीलदार रायगढ़ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।भगवानपुर निवासी ईश्वर साहू अपनी बेटी की ईलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को कैंसर की बीमारी हो गई है।

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करे विभाग: कलेक्टर



रायगढ़, 23 अप्रैल/ कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक ली। यहां उन्होंने विभागीय योजनाओं के साथ ही सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री गोयल ने विभागों को सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कुछ विभागों में निराकरण में धीमी प्रगति दिखने पर उन्होंने अधिकारियों को निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां फील्ड निरीक्षण कर प्रतिवेदन के आधार पर आवेदनों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निराकृत करें। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान और वय वंदना के तहत बनाए जा रहे कार्डों की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुसार शेष बचे हितग्राहियों के कार्ड भी जल्द बनाने के लिए विकासखंडों में कैंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों के अपार आईडी के लंबित आवेदनों को भी जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके लिए आधार कार्ड में जरूरी सुधार को प्राथमिकता से करवाने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री गोयल ने स्पैरो पोर्टल में विभागों द्वारा जानकारी अद्यतन किए जाने के बारे में जानकारी ली। जिन विभागों द्वारा जानकारी नहीं दी गई है उसे एनआईसी को जल्द देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने शासन के निर्देश अनुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए वाहन मालिकों को जागरूक करते हुए जिले में निर्देश का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति और लोक स्वास्थ्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने कलेक्टर गोयल के प्रशासनिक योगदान को किया याद

समय-सीमा बैठक के अंत में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कलेक्टर श्री गोयल के नेतृत्व में पिछले डेढ़ सालों में जिले में किए गए कार्यों के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री गोयल के नेतृत्व में जिले में निर्वाचन कार्यों का कुशलतापूर्वक संचालन किया गया। जिले में विधानसभा, लोकसभा और पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुए। भारत निर्वाचन आयोग ने श्री गोयल को कुशल चुनाव प्रबंधन के लिए सम्मानित किया है। इसके साथ ही राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिए नक्शा बटांकन में उल्लेखनीय सुधार किया गया। कलेक्टर श्री गोयल के नेतृत्व में रायगढ़ में डेंगू की दस्तक पर उसके नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया गया। बारिश के दौरान जिले में जलभराव से बाढ़ की स्थिति इस बार नहीं रही। इसमें कलेक्टर श्री गोयल के स्थानीय अधिकारियों के साथ ओडिसा प्रशासन से कारगर समन्वय की बड़ी भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में प्रशासनिक अमले द्वारा विभागीय योजनाओं और अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन का कार्य किया गया।

### जिले की टीम इसी उत्साह से आगे भी करती रहे कार्य-कलेक्टर

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में टीम ने काफी उत्साह से कार्य किया। निर्वाचन में पूरे प्रशासनिक अमले का योगदान होता है। सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

जिससे जिले में मतदान प्रतिशत काफी अच्छा रहा और जिले को सम्मान भी मिला। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अधोसंरचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने में पूरी टीम ने मिलकर काम। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टीम आगे भी इसी उत्साह से कार्य करें जिससे जिले में विकास कार्यों को नयी ऊंचाई मिले।

## शिविर लगाकर शत-प्रतिशत श्रमिकों का करवाएं पंजीयन:अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह



**रायगढ़, 23 अप्रैल।** छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में श्रम विभाग में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों की मंडल अंतर्गत पंजीयन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल, सहायक श्रमायुक्त श्री घनश्याम पाणिग्राही सहित श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने जिले में पंजीयन का लक्ष्य बढ़ाकर समस्त निर्माणाधीन स्थलों एवं पंचायतों में शिविर के माध्यम से श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराए जाने के निर्देश दिए। मंडल गठन अंतर्गत ऐसे पंजीकृत श्रमिक जो किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं किए है उनका विकासखण्डवार/पंचायतवार चिन्हांकन कर योजना का लाभ प्रदाय करने एवं पंजीयन के लंबित आवेदनों को सात दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने महतारी जतन योजनान्तर्गत लाभ प्रदाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर योजना का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा एक प्रतिशत उपकर की राशि वसूली की जाती है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों से भी उपकर

# डूमरपाली-खिसोरा क्षेत्र में पैरी नदी से अवैध रेत निकालने की शिकायत पर कार्रवाई

## खनिज विभाग ने चेन माउंटेन जेसीबी की जब्त, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड, 23 अप्रैल।** सुशासन तिहार के दौरान पैरी नदी से अवैध रेत निकालने की शिकायत पर जिले के खनिज विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आज मगरलोड तहसील में डूमरपाली-खिसोरा क्षेत्र में पैरी नदी से अवैध रूप से रेत निकालते हुए विभाग के अधिकारियों ने एक चैन माउंटेन जेसीबी मशीन को जब्त किया है। विभाग के अधिकारियों ने इस मशीन को खिसोरा ग्राम पंचायत में अभिरक्षा में रखा है। यह कार्रवाई सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदन पर की गई है। अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों को यह भरोसा भी दिलाया है कि आगे भी इस क्षेत्र से अवैध रूप से नदी से रेत निकालने पर कार्रवाईयां जारी रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के दौरान मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डूमरपाली निवासी श्री सूरज राम साहू ने क्षेत्र में अवैध रूप से रेत निकालने और उसे ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने इस क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर लगाम लगाने और इस काम लगे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए थे। यह कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत की गई है।



# हेमशंकर का चयन अग्निवीर में होने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 23 अप्रैल।** ग्राम नवापारा निवासी हेमशंकर ध्रुव पिता रामकरण ध्रुव का चयन अग्निवीर में होने से क्षेत्र में हर्ष है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा से सन 2022 में बारहवीं पड़ कर निकले हेमशंकर का श्रीफल मेडल व तिलक लगाकर शिक्षकों ने सम्मानित किया इस बारे में स्कूल के व्यायाम शिक्षक व एनसीसी अफसर वीरेंद्र पटेल ने बताया कि हेमशंकर एक साधारण गरीब किसान परिवार से संबंध रखते हैं उनकी प्राथमिक मिडिल वह हाई स्कूल की शिक्षा ग्राम नवापारा में हुई है इसके बाद वह आईटीआई की पढ़ाई कर रहे थे उन्हें बचपन से फौजी बनकर देश की सेवा व रक्षा करने की इच्छा थी उन्होंने इसकी तैयारी दसवीं से ही शुरू कर दी थी।

## एक नजर

### पीएम आवास योजना: रमउ कुभंकार का घर का सपना पूरा हुआ



**बालोद, 23 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से मेहनत मजदूरी कर अपने एवं अपने परिवार के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था करने वाले रवि बाई और रमउ कुंभकार के जीवन में खुशियों की नई सौगात मिली है। बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा में रमउ कुंभकार और उनकी पत्नी रवि बाई की जिंदगी मेहनत, धैर्य और संघर्ष का जीवंत चित्र है। रमउ, जो पेशे से कुम्हार हैं और मजदूरी करके अपने परिवार का जीवननिर्वाह करते हैं। वे कई वर्षों से एक सपना संजोए हुए थे, जिसमें वे अपने परिवार को कच्चे घर की टपकती छत और कमजोर दीवारों से मुक्ति दिलाकर, एक पक्का मकान बनाना चाह रहे थे। उनकी पत्नी रवि बाई, जो घर-गृहस्थी संभालने के साथ-साथ अपने पति के हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं, वह इस सपने की साक्षी थीं। रवि बाई ने बताया कि उनका कच्चा घर, जो बारिश में टपकता था और सर्दियों में ठंड से सुरक्षा नहीं दे पाता था, अब एक मजबूत पक्के मकान में बदल चुका है। उसने बताया कि यह सब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संभव हो पाया है। जब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका नाम आवास स्वीकृति की सूची में आया तो उन्होंने इस अवसर को अपने दोनो हाथों से थामते हुए अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना तैयार किया। रवि बाई बताती है कि अब वे अपने नए घर की चैखट पर खड़े होकर उसकी मजबूत दीवारों और पक्की छत को निहारते हैं, तो उनके चेहरे पर खुशी और संतुष्टि का अहसास होता है।

### राशन दुकानों के चावल में मिलावट की शिकायत



**रायपुर, 23 अप्रैल।** ठाकुर प्यारेलाल वार्ड की दोनों उचित मूल्य राशन दुकानों में अव्यवस्था है। दोनों ही स्थानों में लगातार चावल में मिलावट हो रही है जिसकी विगत 4 माह से शिकायत प्राप्त हो रही है। शिकायत फूड इंस्पेक्टर को करने पर संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इस पर जिलाधीश को ध्यानाकर्षण पत्र सौंपकर कार्रवाई की गई है इस अवसर पर मो. गुलाम फारूख, प्रमोद निर्मलकर, लक्की यादव, श्रीमती सावित्री यादव, श्रीमती राधिका साहू, श्रीमती इंदु भोई, लक्की अग्रवाल, छोटू यादव आदि उपस्थित थे। प्रशासन से मांग की गई है कि मिलावटी चावल के संबंध में कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि इसके उपभोग से वार्डवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होना बंद हो सके। यह जानकारी मोहम्मद जाफर खोखर ने दी है।

## ब्राम्हण समाज के 650 से अधिक सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाई

# छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण समाज ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुए जिसमे ब्राम्हण समाज के लगभग 650 से अधिक सदस्यो ने बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई। छ.ग. सरयूपारीण बाम्हण समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया समाज ने माहेश्वरी भवन में भव्य आयोजन के बीच में समाज के लगभग 650 विप्रजनो की उपस्थिति में ÷सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया। समारोह में शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, पार्षद मनीष मिश्रा, राकेश तिवारी प्रदेशाध्यक्ष आर्यावर्त बाम्हण महासभा,सुनील तिवारी जिलाध्यक्ष अ.भ.भू. पू. सैनिक सेवा परिषद कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के संरक्षक नरेन्द्र शर्मा ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत द्वार मे सुनील दुबे, मनीष शुक्ला,रुपेश मिश्रा,राजकुमार शर्मा,प्रकाश शर्मा, सूर्यकांत तिवारी, धनेश तिवारी जितेन्द्र शर्मा,एन पी शर्मा, महेश शर्मा,लक्ष्मीधर दीवान,राजदीपक पांडेय, प्रशांत दीवान,राजू दुबे,सनत चौबे लक्ष्मी नारायण पांडेय आदि ने समाज के लोगो का स्वागत किया एवं चंदन तिलक द्वारा स्वागत हलधर शर्मा,दिलीप तिवारी,संतोष शर्मा,संजय शर्मा ने किया। अतिथियो के स्वागत मे समाज के मिहिका,राशि,अजिंक्या ने सुंदर रंगोली बनाई, दीप प्रज्जवल कार्य मंत्रोच्चार सहित,तेजस्वी शर्मा,संजय तिवारी,रुद्र शर्मा,शिवकुमार तिवारी द्वारा किया।स्वागत गीत निकिता शर्मा,महक शर्मा द्वारा किया गया। अई गिरी नंदनी मंत्र गीत पर भव्य नृत्य की प्रस्तुति प्रिशा चौबे द्वारा एवं गणेश वंदना में नृत्य निआ शर्मा द्वारा ,मोक्ष दुबे द्वारा राम वंशावली, एवं बजरंग बाण का वाचन किया गया, जिसे अतिथियों द्वारा सराहा गया।मंच संचालन मनोज पांडेय, प्रकाश शर्मा, तेजस्वी शर्मा, उषा मिश्रा, कविता शर्मा ने निभाई। भोजन व्यवस्था भूपेश धर दीवान , रितेश शर्मा,देवेंद्र शर्मा रूपेश शर्मा द्वारा व्यवस्थित की गई । मंच व्यवस्थासूर्यकान्त तिवारी, संदीप चौबे। जल व्यवस्था अजय तिवारी, प्रकाश तिवारी, संजय तिवारी, अमित तिवारी द्वारा की गई।स्मृति चिन्ह सत्यनारायण शर्मा, अशोक शर्मा, संतोष शर्मा, फोटोग्राफी पवन पांडे,अनीता दुबे की सहभागिता रही। अखंड ब्राह्मण समाज की प्रांतिय उपाध्यक्ष उषा मिश्रा द्वारा मनोनीत पदाधिकारी का सम्मान किया गया।



### प्रचंड गर्मी में संपर्क यात्रा करने वाले हमारे कर्मठ विप्रजन

आदरणीय मनीष शुक्ला,अनिल पांडेय,राज दीपक पांडेय,मनोज पांडेय,एन,.पी .मिश्रा ,प्रशांत दीवान,राजेंद्र दुबे,प्रकाश शर्मा, सूर्यकांत तिवारी,धनेश तिवारी, जितेंद्र शर्मा, संतोष शर्मा ,अशोक शर्मा, संजय तिवारी ,हितेश शर्मा, टुपेन्द्र शर्मा,राजकुमार शर्मा ,आनंद शर्मा,पवन पांडे,सुनील तिवारी,रुपेश मिश्रा,कोमल शर्मा,सुनील शर्मा,भूपेश दीवान,रामगोपाल शर्मा,शंकर दयाल शर्मा,अजय तिवारी,रुद्र महाराज रोशन शर्मा,सनत चौबे,सुधीर शर्मा,भावना शुक्ला,रश्मि तिवारी,मिनाक्षी शर्मा,निशा आनंद,शालिनी तिवारी आदि सदस्यों का अमूल्य सहयोग के परिणाम स्वरूप गौरवशाली कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजंनार्तगत हॉटकचोरा में स्थित निर्मित भवनों में LIG-04/42 जो कि कु. के. सांई दुर्गा पिता- श्री कुनापुली सत्यनारायण प्रसाद को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को कु. के. सांई दुर्गा पिता- श्री कुनापुली सत्यनारायण प्रसाद के द्वारा श्रीमती गायत्री विश्वकर्मा पति- श्री गोविन्द विश्वकर्मा को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3**

मामले की श्रेणी: राजस्व

**संदर्भ:-** जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न.-00004 भिलाई-3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD20242543030020016

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम भिलाई-3 के वर्तमान भूमिस्वामी विजयता ध.प. जयसिंह पिता/पति पता-भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 363/372(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विक्रम लिल्हारे पिता/पति-स्व. जयसिंह पता-मैत्री कुंज, रिसाली भिलाई दुर्ग, विशाल लिल्हारे पिता/पति-स्व. जयसिंह पता-मैत्री कुंज, रिसाली भिलाई दुर्ग, पूजा उरोडे पिता/पति-स्व. जयसिंह पता-मैत्री कुंज, रिसाली भिलाई दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/04/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

मुहर

**कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- जगदलपुर**
**(छ.ग. गृह निर्माण मण्डल कार्यालय भवन, प्रथम तल बोधघाट, जगदलपुर)**

क्रमांक/सं.अ./सं.प्र.प्रक्षे./आधि/2025
जगदलपुर दिनांक../.../2025

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अघनपुर जगदलपुर में स्थित स्वविततिय आधार पर भवन क्र. एच. आई. जी. 20 जो कि श्री अमरजीत सिंह पिता- श्री दीवान सिंह रायर को कार्यपालन अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग जगदलपुर के पत्र क्र.87 दिनांक-09/01/2014 द्वारा आबंटित हैं। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक-26/04/2014 को निष्पादित होने के पश्चात दिनांक-07/11/2016 को फ्री-होल्ड हस्तांतरण विलेख पंजीयन कार्यालय जगदलपुर में निष्पादित किया गया हैं। फ्री-होल्ड हस्तांतरण विलेख होने के पश्चात उक्त भवन को श्री गोविन्द सिंह कैंतुरा पिता- श्री नारायण सिंह कैंतुरा के नाम पर नामांतरित किया गया था।

वर्तमान में आबंटि श्री गोविन्द सिंह कैंतुरा पिता- श्री नारायण सिंह कैंतुरा के द्वारा उक्त भवन श्रीमती भुमिका निषाद पति- श्री कमलेश कुमार निषाद को दिनांक-03/07/2024 को विक्रय कर दिया है। तत्पश्चात श्रीमती भुमिका निषाद पति- श्री कमलेश कुमार निषाद के द्वारा नामांतरण के संबध में आवेदन प्रस्तुत किया हैं। जिसके आधार पर उक्त भवन श्रीमती भुमिका निषाद पति श्री कमलेश कुमार निषाद के नाम पर नामांतरित किया जाना हैं।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात प्राप्त मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

# भावना गुप्ता ने किया पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** आज दिनांक 22.04.2025 को नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भापुसे) द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण किया गया। श्रीमती भावना गुप्ता भारतीय पुलिस सेवा वर्ष 2014 बैच के अधिकारी हैं तथा इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, सरगुजा, बेमेतरा एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के पद पर पदस्थ रही हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधीनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियां एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया गया। उनके द्वारा बेसिक पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करने, अपराधों की रोकथाम एवं निराकरण करने की दिशा में त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अपने उद्बोधन में अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करते हुए, पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीओपी बलौदाबाजार श्रीमती निधि नाग, एसडीओपी भाटापारा श्री तारेश साहू, एसडीओपी कैंप कसडोल श्री कौशल किशोर वासनिक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री राजेश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



### महतारी वंदन योजना: दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हुई आसान

**कोरबा 23 अप्रैल।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त होता है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रही है। कोरबा विकासखण्ड के बोड़ानाला की रहने वाली श्रीमती शनिरो मंझवार ने योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र-202504161800005/अ-2/2024-25
ग्राम-गीदम, प.ह.न.-17, तहसील-गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती आशिया बेगम पति अहद हसन जाति-मुसलमान निवासी ग्राम गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 7999479990 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम प.ह.न. 17 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 919/10 रकबा 0.0210 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 30/04/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2025 को जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गीदम**

मुहर

# कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने की विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 23 अप्रैल।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 24 अप्रैल को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। श्रीमती मिश्रा ने अधिकारियों को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को वर्तमान में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने तथा तालाब के किनारे एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर पौधरोपण के कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक, पंचायत विभाग के उप संचालक श्री आकाश सोनी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभा के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का लाईव प्रसारण हेतु उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।



# कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बालोद

ज्ञाप क्रं. 2104/व.ले.लि./2025-26/ बालोद, दिनांक:- 21/04/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इस कार्यालय द्वारा समय-समय पर आवश्यकतानुसार माननीय मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण की आमसभा, व्ही.आई.पी. कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों इत्यादि हेतु टेन्ट, पण्डाल, मंच इत्यादि के आयोजन व्यवस्था संपादित किया जाता है। वर्ष 2025-26 में इस कार्यालय द्वारा संपादित किये जाने वाले ऐसे कार्यक्रमों हेतु योग्य टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठानों की सूची तैयार किये जाने तथा आयटमों के दर निर्धारण हेतु इच्छुक अनुभवधारी एवं अर्हताधारी टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठानों से सहमति तथा आयटमवार दर प्रस्तुत करने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है।

**विवरण निम्नानुसार है :-**

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि :- 02/05/2025
2. दर प्रस्तुत करने की तिथि :- 09/05/2025
3. दर खोलने की तिथि :- 13/05/2025

अभिव्यक्ति आमंत्रण प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**आवश्यक अर्हताएं:-**

1. टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाईसेंस की प्रति होना चाहिये।
2. जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति।
3. टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षों में टेन्ट हाऊस कार्यक्रम संपादन औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 1.00 करोड़ होना आवश्यक है, तत्सम्बंध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. विगत 03 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही. व्ही.आई.पी. कार्यक्रम संपादित किये जाने जिसमें प्रति कार्य के लागत कम से कम रू. 1.00 करोड़ होने का अनुभव प्रमाण-पत्र, जो कार्यपालन अभियंता / समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. (भ/स) संभाग बालोद**

**G-252600401/4**

## "एनएमडीसी –बालिका शिक्षा सहयोग योजना " 2024–25

### छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र

वर्तमान फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं मुहर

1. आधार नं0 (अनिवाय) : ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
2. जन्म तिथि (अनिवार्य) ☐☐☐☐☐☐☐☐
3. छात्रा का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में):________
4. पिता का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :________
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग सभी को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। वर्ग अ0जाति ☐ अ0जनजाति ☐ अ0पि0वर्ग ☐ सामान्य ☐ (√) का निशान लगावें।
6. परिवार की कुल वार्षिक आय :________
7. फोन/मोबाईल नं. ( अनिवार्य) :________
8. पत्राचार का पता: ग्राम/नगर :________ पोस्ट ऑफिस :________ ब्लॉक________ तहसील________ जिला________ पिन:________
9. अध्ययनरत विद्यालय का नाम (डाईस कोड सहित) :________ पोस्ट ऑफिस:________ ब्लॉक________ तहसील________ जिला:________ पिन:________
10. वर्ष 2024 में उत्तीर्ण परीक्षा का नाम :________ प्राप्तांकों का प्रतिशत ________
11. कृपया अपने बैंक के बचत खाते का विवरण दीजिए :

(i) बैंक का नाम :________ शाखा का नाम तथा स्थान ________
(ii) बचत खाता नम्बर :________ शाखा का IFSC कोड:________

दिनांक ________ छात्रा का हस्ताक्षर :________
स्थान ________ छात्रा का नाम :________

**वर्तमान में अध्ययनरत शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापन**

यह प्रमाणित किया जाता है कि, ________ (छात्रा का नाम) श्री/श्रीमती________ (अभिभावक का नाम) ________ (स्कूल /कॉलेज/शिक्षा संस्थान का नाम ) कक्षा ________ में शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के दौरान नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत है। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई उपरोक्त जानकारी सही है ।

दिनांक ________
पता:________ हस्ताक्षर प्राचार्य

नाम:________
टेलीफोन/मोबा.नं. (प्राचार्य)/संस्थान ________ शिक्षण संस्थान की सील
विद्यालय संस्थान का ई–मेल ________ डाईस कोड ________

**संलग्नकों की चेक लिस्ट (√ का निशान लगाएं)**(1) आधार कार्ड की कॉपी ☐ (2) तहसीलदार या उच्चाधिकारी द्वारा जारी जाति (अनु.जाति, अनु.जनजाति, अ.पि.व. हेतु), मूल निवास (सभी वर्ग हेतु) एवं आय प्रमाण पत्र (अ.पि.व. एवं सामान्य वर्ग हेतु) की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां ☐ (3) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की अभिप्रमाणित फोटो कॉपी ☐ (4) बैंक द्वारा जारी नवनीतम IFSC के साथ पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटोकॉपी जिस पर आपका फोटो तथा खाता नम्बर अंकित हैं ☐ (5) प्राचार्य/संस्था प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित आवेदन ☐ (6) BPL राशन कार्ड कार्ड नं0 ☐

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.05.2025**

छात्रवृत्ति हेतु पात्रता व शर्तें–

1. यह योजना केवल बालिकाओं के लिए है।
2. छात्रा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग की हो, एवं सभी वर्ग को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. छात्रा, बस्तर संभाग की मूल निवासी होना चाहिए। (दन्तेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोण्डागाँव, कांकेर एवं नारायणपुर)
5. पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग की छात्रा हेतू परिवारिक आय रू. 72,000/–वार्षिक से अधिक न हो।(प्रमाण पत्र 01.01.2024 के बाद का निर्गत होना चाहिए। )
6. छात्रा अनिवार्यतः पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए (यदि विद्यार्थी किन्ही कारणों से किसी वर्ष पढ़ाई में गेप किया हो तो उसे अनिवार्य रूप से गैर न्यायिक (Non-Judicial) स्टॅप पेपर पर गेप प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा )।
7. आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त निवासी, जाति तथा आय प्रमाण पत्र एवं उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।
8. विद्यार्थी अपने बैंक से प्राप्त पासबुक अद्यतनीकृत खाता क्रमांक एवं IFSC कोड के साथ प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट छायाप्रति संलग्न करें।
9. बैंक से संबंधित चलित खाता क्रमांक/पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति ही मान्य होगा।

नोट: पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र डाक द्वारा केवल अपने विद्यालय/संस्थान के माध्यम से हमारे कार्यालय प्रबंधक (नै.सा.दा.), **बी. आई.ओ.एम.किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा,छ.ग. 494556** में दिनांक 30/05/2025 तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। आवेदन पत्र के ऊपर **"NMDC बालिका शिक्षा सहयोग योजना 2024-25 हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखें ।

### एनएमडीसी बालिका शिक्षा सहयोग योजना 2024–25

| सं. क्र. | पाठ्यक्रम/कक्षा | राशि )प्रति माह 10 महीने के लिए( | सं. क्र. | पाठ्यक्रम/कक्षा | राशि )प्रति माह 10 महीने के लिए( |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवमीं कक्षा | रू. 250/- | 5 | तीन वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा | रू. 500/- |
| 2 | दसवीं कक्षा | रू. 300/- | 6 | इंजीनियरिंग मे डिग्री | रू. 750/- |
| 3 | ग्यारहवी कक्षा | रू. 350/- | 7 | मेडिसिन में डिग्री | रू. 1000/- |
| 4 | बारहवीं कक्षा | रू. 400/- | | | |

नोट–इस योजना के अंतर्गत ITI पाठ्यक्रम शामिल नही है।

## एक नजर

### एक लाख पेड़ लगाए गए

**रायपुर, 23 अप्रैल।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर जब दुनिया पर्यावरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही थी, तब वेदांता एल्युमीनियम ने इसे जीवंत करने का एक और उदाहरण पेश कर दिया। कंपनी ने झारसुगुड़ा स्थित अपने प्लांट से 650वीं फ्लाई ऐश रेक की सप्लाई करके सर्कुलर इकोनॉमी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम किया। वेदांता एल्युमीनियम ने भारत सरकार के अभियान एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत झारसुगुड़ा में मातृवन पहल के तहत एक लाख से ज़्यादा पौधे लगाए, साथ ही सोलर एनर्जी और बायोडायवर्सिटी को बढ़ावा देने के लिए गेल और पीडब्ल्यूसी जैसे संगठनों से साझेदारी की है। वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ श्री राजीव कुमार ने कहा, ÷हमारे लिए पृथ्वी दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन का संकल्प है।

### वक्फ संशोधन विधेयक आदिवासियों की जमीन और अधिकार को सुरक्षा देगा: पवन साय

**रायपुर, 23 अप्रैल।** एकात्म परिसर रायपुर में भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पर कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय की मुख्य रूप से उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए पवन साय ने कहा यह विधेयक आदिवासियों के जमीन और पहचान को सुरक्षा देने के लिए है। सरल सहज आदिवासियों पर कोई भी मनमाना न कर ले इससे सुरक्षा देने के लिए भाजपा संगठन महामंत्री ने विपक्षी दलों द्वारा इस बिल के बारे में भ्रम फैलाने वालों पर भी कटाक्ष किया और अनुसूचति जनजाति मोर्चा के सदस्यों से कहा कि इसके लाभ को अंतिम व्यक्ति तक प्रचारित करें। अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 में आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं। ये प्रावधान आदिवासी भूमि और अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए तैयार किए गए हैं, जो विशेष रूप से वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित दावों को रोकने में मदद करेगा। यह बिल आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित करने और वक्फ बोर्ड की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करने के लिए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिल का उद्देश्य पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है, न कि धार्मिक स्वतंत्रता को कम करना।

### गोस्वामी समाज मनाएगा शंकराचार्य जयंती

**रायपुर, 23 अप्रैल।** गोस्वामी समाज द्वारा इस वर्ष भी श्री आद्य जगदगुरु शंकराचार्य जयंती समारोह 4 मई रविवार को शहीद स्मारक भवन



रायपुर में धूमधाम से मनाने की तैयारी की गई है। प्रांताध्यक्ष मोहनपुरी, सह अध्यक्ष योगेन्द्र पुरी, संरक्षक कुबेर गिरी, प्रांतीय महासचिव डाक्टर संजय गिरी, कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन एवं जिला अध्यक्ष वेदपुरी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के कोने कोने में बसे समाज के पदाधिकारी कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुटे हैं।

### पहलगांव हमला अक्षम्य व दुस्साहस का प्रतीक: बजाज

**रायपुर, 23 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के



वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने पहलगांव निर्दोष व निहत्थे लोगों पर कायराना हमला अत्यंत ही निंदनीय है तथा सनातन धर्म के प्रति घृणा व नफरत का प्रतीक है। श्री बजाज ने कहा कि एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तान आतंकवादियों का पनाहगार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंवादियों का यह कृत्य अक्षम्य व दुस्साहस का प्रतीक है। इस कुकृत्य को अंजाम देने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### 1,000 गांवों को स्वच्छ बनाने का संकल्प

**रायपुर, 23 अप्रैल।** जैसा कि दुनिया 2025 में पृथ्वी दिवस मना रही है, एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर घोषित करके सतत प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बैंक 2025 तक अभिनव सौर-संचालित बुनियादी ढांचे, जागरूकता और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से भारत भर में 1,000 से अधिक गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान कर ग्रामीण और अर्ध-शहरी समुदायों को सशक्त बनाना। नवीकरणीय ऊर्जा में बैंक का काम इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप है, जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के वैश्विक त्वरण का आह्वान करता है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के अपने स्तंभ के तहत, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 22 राज्यों में 61,655 से अधिक सौर स्ट्रीटलाइट्स स्थापित की हैं।

## निधन

### रमाकांत दुबे

**रायपुर, 23 अप्रैल।** ब्राह्मणपारा निवासी श्री



रमाकांत दुबे 76 वर्ष सिकोला वाले का आज निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 4.30 बजे निवास स्थान ब्राह्मणपारा रायपुर से निकलेगी। वे कृष्णगोपाल दुबे के पिताजी थे। स्व. दुबे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# विमान से देर रात आएगा कारोबारी का शव

■ मिरानिया के निवास पर संवेदना प्रकट करने वालों का तांता



**रायपुर, 23 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया का शव अब से चंद मिनट बाद विमान के जरिए श्रीनगर से पहले नई दिल्ली लाया जाएगा. नई दिल्ली में औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पार्थिव शरीर को विमान के जरिए रायपुर लाया जाएगा. समता कालोनी स्थित उनके निवास में आज दिनभर मिरानिया के परिजनों से मिलने लोगों का तांता लगा रहा। लोग अपनी संवेदना प्रकट कर रहे थे। निवास पर मंत्री टंकराम वर्मा तथा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय भी पहुंचे।

पहलगाम आंतकी हमले में मारे गए लोगों के साथ उनके परिजनों को गृह नगर तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने विशेष विमानों की व्यवस्था की है. दिवंगतों के शवों को लेकर विमान श्रीनगर से लेकर नई दिल्ली पहुंचेगा, जहां औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विमानों के जरिए शवों को गृह नगर के नजदीकी हवाई अड्डे तक भेजा जाएगा. सरकार की ओर से दी गई जानकारी, दिनेश मिरानिया (अग्रवाल) का शव दोपहर 11.45 बजे श्रीनगर से फ्लाइट 6श्व 2356/ 6श्व 5138 श्रीनगर से नई दिल्ली लाया जाएगा. इसके बाद नई दिल्ली से शव को रात करीबन 9 बजे रायपुर लाया जाएगा. शव के साथ दिवंगत की पत्नी नेहा मिरानिया, बेटा शौर्य, बेटी लक्षिता, भाई नरेश अग्रवाल और भतीजा केशव अग्रवाल विमान से रायपुर आएंगे. इस बीच पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए दिनेश मिरानिया के समता कालोनी स्थित निवास पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पहुंचकर परिजनों से संवेदना जताई. उन्होंने कहा कि घटना बहुत दुखद है. दिनेश मिरानिया के परिजनों के दुख में शामिल होने आया हूं. आतंकवादियों ने बहुत ही कायराना हरकत की है. दिनेश मिरानिया का अंतिम संस्कार ससम्मान किया जाएगा. कोराबारी दिनेश मिरानिया की आतंकियों के हाथों मौत से तमाम वर्गों में दुख और रोष है. रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शांति और एकता का संदेश लेकर आज कैंडल मार्च निकाल रहा है. रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी और सचिव अनिल दुग्गड ने कहा कि कैंडल मार्च का उद्देश्य हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देना और शांति एवं सौहार्द का संदेश फैलाना है.

उन्होंने कहा कि इस मार्च के माध्यम से हम समुदाय को एकजुट कर सकते हैं, और शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं. उन्होंने सभी से कैंडल मार्च में पहुंचकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया है. मौन कैंडल मार्च शाम 5.30 बजे अरिहंत कंपलेक्स संजय गांधी चौक से शुरू होकर लायंस क्लब, गुरु नानक चौक तक जाएगी.

# बोरे-बासी खिलाने के नाम पर 8 करोड़ खर्च

■ बीजेपी ने भ्रष्टाचार का लगाया आरोप



**रायपुर, 23 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में बोरे-बासी खिलाने पर 8 करोड़ से अधिक खर्च करने का मामला सामने आया है. यह खुलासा सूचना के अधिकार (RTI) के तहत मिली जानकारी से हुआ है. दस्तावेजों के अनुसार, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 1 मई यानी श्रमिक दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ी खान-पान को बढ़ावा देने बोरे-बासी खिलाने का प्रावधान किया गया. इसके लिए तत्कालीन सरकार की ओर से प्रदेश भर में बोरे-बासी और श्रमिक दिवस के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें यह राशि खर्च की गई.

इसी को लेकर आरटीआई से मिली जानकारी से यह खुलासा हुआ है कि सिर्फ राजधानी रायपुर में बोरे-बासी खिलाने पर 8 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई थी. वह भी बिना किसी सरकारी निविदा के खर्च की गई. वर्ष 2020 में बैगर निविदा के 3 करोड़ का कार्य मेसर्स शुभम किराया भंडार से कराया गया. वर्ष 2023 में बैगर निविदा 8 करोड़ 32 लाख का कार्य मेसर्स व्यापक इंटरप्राईजेस से कराया गया. वर्ष 2024 में पुनः बैगर निविदा के लगभग 3 करोड़ का कार्य मेसर्स व्यापक इंडरप्राईजेस से कराया गया. आरटीआई कार्यकर्ता आशीष सोनी ने इस मामले में आरोप लगाया कि इसमें बड़े पैमाने पर मिलीभगत हुई है. उन्होंने कहा कि 1 मई को श्रमिक दिवस के मौके पर एक बार फिर वही चहेती इवेंट कंपनी को बिना निविदा कार्य दिया जा रहा है. इस मामले में कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बोरे-बासी छत्तीसगढ़ी अस्मिता का प्रतीक है. कांग्रेस सरकार में इसे बढ़ावा देने का काम किया गया था.

# राहुल गांधी की आवाज से तो कांग्रेसी ही डरे रहते हैं: भाजपा




**रायपुर, 23 अप्रैल।** भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत पत्रकार वार्ता कर अपने केंद्रीय नेता श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बचाने के लिए जो तथ्य रखने का प्रयत्न कर रही हैं उन्हें मालूम होना चाहिए कि यह तथ्य अगर वह कोर्ट में प्रस्तुत कर उन्हें सहमत कर ले तो ही लाभ होगा हां उनके पक्ष में बोलकर वे स्वयं स्वामी भक्ति का का लाभ जरूर अर्जित कर ले रही हैं। भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पूछा कि सुप्रिया जी ने कहा कि श्वष्ठ के जितने मामले हैं वह विपक्ष के खिलाफ ही दर्ज हुए हैं । तो श्वष्ठ की स्थापना 1956 में हुई थी और लंबे समय तक कांग्रेस शासन में रही तो क्या ये उनकी स्वीकृति है कि कांग्रेस विपक्ष को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते थे। श्रीवास्तव ने कहा कांग्रेस का संवैधानिक संस्थाओं पर ना भरोसा है ना सम्मान है पूरा मामला न्यायालय के अधीन है लेकिन न्यायालय के विषय में बात करते हुए भी उन्होंने भाषा की मर्यादा लांघ दी और कहा कि कोर्ट में तो हम निपट ही लेंगे। भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कितने शर्मनाक बात है कि उन्होंने पत्रकार जगत पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि समाचार पत्र व चैनल, विज्ञापन लेकर सच्चाई को छुपाती हैं।

संजय श्रीवास्तव जी ने कहा कि घोटाले को

## ई-गवर्नेंस में उत्कृष्ट कार्य के लिए दंतेवाड़ा जिले का पीएम अवार्ड के लिए चयन



**रायपुर 23 अप्रैल।** ई-गवर्नेंस को सशक्त बनाने और आमजन को त्वरित सेवा प्रदान करने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिले में अब लोगों को अपने भू-अभिलेखों की प्रतियां कुछ ही मिनटों में उपलब्ध हो रही हैं। इस दिशा में जिले द्वारा 1920 से 1991 तक के सभी भू-अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है। पूर्व में जहां भू-दस्तावेजों जैसे स्वामित्व अभिलेख, बी-1, फॉर्म ए, प्लॉट रजिस्टर, नामांकन, नक्शा अभिलेख आदि प्राप्त करने में सप्ताहों लग जाते थे, वहीं अब मात्र नाम और खसरा नंबर के आधार पर ये दस्तावेज भू-अभिलेख कार्यालय या किओस्क सेंटरों से कुछ ही क्षणों में प्राप्त किए जा सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से दूर-दराज के ग्रामीणों के लिए अत्यंत राहतकारी साबित हो रही है। राजस्व विभाग के इस कदम से न केवल दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि इससे समय, संसाधनों और ऊर्जा की भी भारी बचत हो रही है। साथ ही डिजिटल प्रणाली की पारदर्शिता के चलते अब भू-अभिलेखों में अनधिकृत फेरबदल की संभावना भी समाप्त हो गई है।

## पहलगाम हमला सुरक्षा में चूक का मामला: कांग्रेस



**रायपुर, 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलीगेट एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र सरकार के द्वारा सुरक्षा में चुक का मामला बताते हुए कहा कि पहलगाम में 2000 पर्यटक उपस्थित थे वहां एक भी सुरक्षा कर्मी के जवान उपस्थित नहीं थे। इस आतंकी हमले के लिए सीधे तौर पर केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेदार है और केंद्र की मोदी सरकार सीधे तौर पर सुरक्षा के चूक के लिए नैतिक जिम्मेदारी ले और इस आतंकी हमले के लिए दोषियों पर सख्त- से सख्त कार्रवाई करें। केंद्र सरकार को जम्मू कश्मीर में प्राथमिकता के सर्वोच्च स्तर पर सबसे पहले सुरक्षा के वातावरण को सुनिश्चित करने की जरूरत है तभी स्थानीय निवासियों और पर्यटकों का जीवन सुरक्षित रह सकता है सुरक्षा से ही भरोसा जागता है और एकता अखंडता का भाव भी। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला अत्यंत कायराना है। इस दुखद घटना में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।भारत के वीर सपूत इस कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब देंगे। जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। भारत आतंकवाद के हर प्रयास के विरुद्ध एकजुट होकर सामना करेगा। हम निर्दोष पर्यटकों पर हुए इस कार्यकर्ता पूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

# जैन मंदिर की प्रतिमाओं का 14 हजार नदियों के जल से अभिषेक



**रायपुर, 23 अप्रैल।** जैन मान्यता अनुसार गिरनार जी स्थित गजपदकुण्ड में 14 हजार नदियों का जल समाहित है । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में 18 अभिषेक में जल अभिषेक हेतु गजपदकुण्ड का जल विशेष रूप से लाया गया है । इस विशेष जल से परमात्मा व सभी प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया ।भैरव सोसाइटी स्थित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा क्योकि आज मंदिर में स्थापित मूर्तियों को साल भर में होने वाली 84 अशातनाओ से शुद्ध मुक्त करने पूर्ण विधि विधान से 18 अभिषेक होना था उपरोक्त जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने देते हुए बताया कि अभिषेक के लाभार्थी परिवार अत्यंत भक्ति भाव से सपरिवार उपस्थित हो रहे थे । विधिकारक श्री विमल गोलछा व नितेश गुरुजी के मार्गदर्शन में सबसे पहले भूमि शुद्धि हेतु वायु देवता का आव्हान आओ पधारो वायु देवता भूमि शुद्धि करवा ने के बोलो से मंदिर के सभा मंडप की शुद्धि कि फिर क्षेत्रपाल देवता का आव्हान कर उनसे अभिषेक कराने की आज्ञा ली फिर प्रारम्भ हुआ अभिषेक सबसे पहले स्वर्ण के बरक को गजपदकुण्ड के जल में मिलाकर प्रथम अभिषेक मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित मूलनायक श्री सीमंधर स्वामी सुमति नाथ जी पार्श्वनाथ जी कोली मंडप में स्थापित महावीर स्वामी गौतम स्वामी व दादाबाड़ी में स्थापित चारो दादागुरुदेव व अन्य देवी देवताओं सहित 18 मूर्तियों को पहले पुष्पांजलि फिर मंत्रोच्चारण के साथ लाभार्थी परिवारों द्वारा अभिषेक किया गया ।

## जिस देश के युवा अपनी धर्म संस्कृति और भाषा का सम्मान नहीं करते वह परतंत्र हो जाता है: शास्त्री

**रायपुर, 23 अप्रैल।** भगवत गीता भगवान की वाणी है इसे सुनने से ही शारीरिक बधाएं दूर हो जाती है, पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता है। श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ समारोह आग्रोहा कलोनी विप्र नगर विष्णु मंगलम भवन रायपुरा में समापन दिवस में गीता सार की कथा बताते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा कि सीधे प्रभु के चरण में भगवत गीता पहुंचा देती है । ऐसे महान ग्रंथ भगवान द्वारा हमें प्राप्त है। द्वापर युग में गाइ गई गीता भगवान के वाणी द्वारा कलयुग के मानवों को भी ज्ञानी ध्यानी कर्मयोगी बनता है। कथाव्यास झम्मन शास्त्री ने खासकर युवाओं को जोड़ते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि संस्कृति और भाषा का सम्मान होना चाहिए। जिस देश में युवा अपने धर्म संस्कृति और भाषा का सम्मान नहीं करते हैं उस देश को परतंत्र होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। अंग्रेजों ने भारत पर 200 साल राज्य कर भारत को 2000 वर्ष पीछे धकेल दिया। श्रेष्ठता को नष्ट कर दिया शास्त्री जी ने कहा कि जब तक आप भगवान को अपना



सारथी नहीं बनाएंगे आपकी गाड़ी यानी कि आपका शरिर किसी भी क्षेत्र में लक्ष्य को साधने के लिए सही नही होगा।हमे पहले अपनी संस्कृति पर गौरव होना चाहिए। वैसे भी भारत देश और इसके सनातनी लोग ने कभी भी दूसरी भाषा दुसरे धर्म के लोगों को परेशान नहीं किया ना ही उनके धर्म को अपमानित किया नाही किसी को अपने धर्म को मानने से रोकने की कोशिश की जबकि सनातन धर्म को हजारों साल से लगातार जख्म मिल रहा है। हमारे देश के युवा भगवान के इस मार्ग में चले तिलक छोटी धोती अपने वस्त्र आभूषण परिवेश पर गर्व करे। देश को विश्व गुरु होने से कोई नहीं रोक सकता।

## रामविचार ने मनसुख मांडविया से की भेंट

**रायपुर, 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने दिल्ली प्रवास के दौरान आज केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मंत्री नेताम और केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया के मध्य छत्तीसगढ़ के विकास के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री नेताम ने रामानुजगंज-बलरामपुर जिले के विभिन्न स्थानों में खेलो इंडिया मद से खेल अधोसंरचना निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया, इस पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया।मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि उनके इस प्रस्ताव की स्वीकृति मिल जाने से छत्तीसगढ़ के दुरस्थ जिले रामानुजगंज-बलरामपुर में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के तर्ज पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार भी खेलो छत्तीसगढ़ के माध्यम से राज्य के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का काम कर रही है।मंत्री नेताम ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया को विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज जिला बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गांजर में स्टेडियम निर्माण एवं समतलीकरण कार्य लागत 1 करोड़ 50 लाख रुपए के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

## प्लास्टिक प्रदूषण पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती: बृजमोहन



**रायपुर, 23 अप्रैल।** प्लास्टिक हटाओ, पृथ्वी बचाओ÷सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा पृथ्वी दिवस पर जागरूकता अभियान में शामिल होकर युवाओं का उत्साह और पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देखकर गर्व हुआ। उन्होंने कहा यह धरती हमारी माता है। इसका संरक्षण हम सबका दायित्व है। प्लास्टिक प्रदूषण आज पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों द्वारा चलाया गया यह जागरूकता अभियान न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी है।युवाओं की यह ऊर्जा और जागरूकता निश्चित रूप से एक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य की ओर हमारा मार्ग प्रशस्त करेगी।बृजमोहन अग्रवाल ने कहा आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि, प्लास्टिक का उपयोग कम करें, पर्यावरण बचाएं और आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर पृथ्वी सौंपें।

## जीआईएस आधारित जल संरक्षण योजना के लिए छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार

**रायपुर, 23 अप्रैल।** जीआईएस आधारित जल संरक्षण योजना के सफ्ल संचालन के लिए छत्तीसगढ़ ने उपलब्धि हासिल की है। 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में आईएएस नम्रता गांधी को प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। उन्होंने धमतरी में कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान जिले में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष काम किया था। नम्रता गांधी ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद इसे टीम धमतरी को समर्पित किया है। नम्रता गांधी ने अपने संदेश में कहा कि जल संरक्षण और फ्सल चक्र परिवर्तन जैसे व्यापक विषयों पर सफ्लता केवल टीम वर्क से ही संभव है। सभी की भागीदारी से धमतरी में पानी बचाने और इसके प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए जो प्रयास किया गया, यह पुरस्कार उसकी सफ्लता को स्वयं ही बताता है। नम्रता गांधी ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओ, औद्योगिक संस्थानों के साथ-साथ सभी जिलेवासियों को भी इस पुरस्कार के मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है और उन सभी के सकारात्मक सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया है।उल्लेखनीय है कि धमतरी की पूर्व कलेक्टर नम्रता गांधी के कार्यकाल के दौरान धमतरी जिले में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष काम किए गए। जीआईएस आधारित जल संरक्षण अभियान का संचालन किया गया।

# परशुराम जन्मोत्सव पर 1100 दीपों से महाआरती का निर्णय



**रायपुर, 23 अप्रैल।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. के 60 सदस्यीय सोशल एक्टीविटी ग्रुप के पुनर्गठन पश्चात इस श्रृंखला की प्रथम बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई. प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन में गतिशीलता और आपसी मेल मिलाप हेतु सोशल एक्टीविटी ग्रुप का गठन किया गया है, आशा है इसके पुनर्गठन से संगठन में सक्रियता आयेगी. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को एकजुट होकर संगठन के आगामी कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर 1100 दीपों से महाआरती में सहभागिता की अपील की एवं सर्व सम्मति से नितिन कुमार झा को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का संयोजक चुना गया. सभी की उपस्थित सदस्यों ने संगठन के सभी आयोजनों में सहभागिता प्रदान कर सामाजिक हित में कार्य करने सहमति प्रदान की. इस बैठक में सभी सदस्यों ने अपने परिचय के साथ अपने विचार रखे. इस अवसर पर ग्रुप के सक्रिय सम्मानित सदस्य, कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष श्री सुरेश मिश्रा, सचिव श्री राजकुमार दीक्षित एवं उपाध्यक्ष श्री संजय अवस्थी का शाल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया.

इस बैठक में दिये गये विषय पर अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की. इस खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रथम सुरभी शर्मा, द्वितीय विद्या भट्ट, तृतीय सुलभा पाण्डेय - नमिता शर्मा को पुरस्कृत किया गया.

इस बैठक के संयोजक सुमन मिश्रा एवं आयोजक वीणा मिश्रा, सुमन पाण्डेय थे.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26